माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 फरवरी 2024
वर्ष 2 अंक -187, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल 16

नौ अरब कमाकर भी शांत नहीं होने वाला है एनिमल 2

पढ़ते रहिये ...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

# मुख्यमंत्री के साथ मंत्री-विधायकों ने रामलला के दरबार में टेका मत्था

## रालोद, बसपा और कांग्रेस के विधायकों ने भी किए दर्शन, समाजवादी पार्टी ने किया किनारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

**अमृत विचारः** सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर एक साथ रामलला के दर्शन किए। हालांकि मुख्य विपक्ष दल समाजवादी पार्टी के विधायक इसमें शामिल नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में भाजपा एवं सहयोगी दलों समेत रालोद, कांग्रेस बसपा और जनसत्ता दल के विधायक शामिल रहे। यहां विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ मंदिर परिसर में बैठकर राम की भक्ति में भजन भी गुनगुनाए। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को सामने देखकर गदगद हो जय श्रीराम का उद्घोष किया।

इससे पहले अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए विधायक और मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे दस लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हुआ और करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा, जबकि मुख्यमंत्री महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे।



रामलला के दर्शन के बाद मंदिर परिसर में योगी सरकार के मंत्री-विधायक जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए।

- बसों के अंदर रामधुन बजाई जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल

### मैं बहुत भावुक हूं: सतीश महाना

दर्शन करने के बाद राज्य विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं बहुत भावुक हूं, क्योंकि मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढांचा खड़ा था, जो 6 दिसंबर को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था जब 1990 में यहां गोली चली थी। मैं उस समय यहां पर आया था, जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था और आज सबसे सौभाग्य की बात है कि भगवान के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्र मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया भी विधायकों के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

### विधायक और मंत्रियों के समूह पर पुष्पवर्षा

विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया।

# हल्द्वानी हिंसा मामले में 25 और दंगाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 25 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंगाइयों की संख्या अब 30 हो गई है। इन दंगाइयों के पास से पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लूटे गए 99 सरकारी कारतूस, 54 अन्य कारतूस तथा सात तमंचे भी बरामद किए गए हैं। हालांकि मास्टरमाइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देते हुए अब इसे सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक सीमित कर दिया है। हालांकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रविवार को अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां यहां पहुंच गईं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से लूटे गए कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होंगी।



- आरोपियों के पास से तमंचे और 153 कारतूस बरामद

हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी है। दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रदेश में जो भी अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा। - **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

**कर्फ्यू में ढील, आवश्यक सेवाएं सुचारूः** जिलाधिकारी वंदना ने कर्फ्यू में और ढील दी है। अब कर्फ्यू को सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर शेष हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाए जाने के बाद नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने बनभूलपुरा में भी आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर दिया। बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू करने के साथ ही मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए गए।

## एक नजर

### कांग्रेस सांसद साहू से दूसरे दिन ईडी की पूछताछ

**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से ईडी ने लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि साहू अपराह्न करीब 3 बजे रांची स्थित ईडी के कार्यालय में दाखिल हुए। ईडी के अधिकारियों ने भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में शनिवार को साहू से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। इसी मामले में एजेंसी ने हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा था, 'साहू को फिर से पूछताछ के लिए ईडी के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है, क्योंकि पूछताछ अभी पूरी नहीं हुई है।'

### किसानों का दिल्ली कूच पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील

**चंडीगढ़।** किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले हरियाणा के अधिकारियों ने अंबाला के पास शंभू में पंजाब से लगी सीमा को सील कर दिया है। सीमा पर कंक्रीट के अवरोधक, रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगारोधी वाहन मौजूद रखे गए हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस अवरोधकों को फेंकने से रोकने के लिए घग्गर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे की चादरें लगाई गई हैं।

### नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का आज विधानसभा में शक्ति परीक्षण है। इससे पहले विधायकों में टूट के दावों-प्रतिदावों से राजनीतिक अटकलबाजियों का बाजार गर्म है।

# भाजपा ने राज्यसभा के लिए यूपी से की सात प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से सात प्रत्याशियों की घोषणा की है। भाजपा की सूची दर्शाती है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों में से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका मिल रहा है। उम्मीदवारों की रविवार को जारी सूची में भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह और पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के नाम शामिल है।

इसके अलावा आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर भाजपा की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से भाजपा की पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

- प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काटा

### सपा से रामजीलाल और जया बच्चन उम्मीदवार

**आगरा।** राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन और जया बच्चन को समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। विधायकों की संख्या के आधार पर समाजवादी पार्टी के दो सांसद निर्वाचित होना तय है। राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर रामजीलाल सुमन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि पार्टी ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा आज हो सकती है।

## सागरिका घोष और सुष्मिता देव टीएमसी की रास उम्मीदवार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' टीएमसी ने कहा, 'हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।'

# आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला कारोबारी

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचारः** थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में रविवार को एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कारोबारी तरुण चौहान के घर सुबह जब नौकरानी पहुंची तो उसने देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ है और उनकी मां और उनके 12 वर्षीय बेटे का शव बेड पर पड़ा हुआ है।

नौकरानी ने इसकी सूचना पड़ोसी और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण चौहान के शव को फंदे से उतारा। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय के मुताबिक तरुण चौहान की पत्नी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। प्रथम दृष्टया मां और बेटे को पहले जहरीला पदार्थ दिया गया और उसके बाद तरुण चौहान ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच शुरू की तो तरुण का मोबाइल मिला। मोबाइल में पुलिस को एक वीडियो मिला, जिसे खुद तरुण ने बनाया था। इस वीडियो में वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह कर्ज में फंस गया है। उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा दांव पर है। अब उसका जीने का मन नहीं कर रहा है।

खाटू श्याम से लौटकर आई पत्नी को रो-रोकर बुरा हाल है। उसने बताया वह अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। उसे एक दिन के लिए भी अपने से अलग नहीं करते थे।

- आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, करोड़ों के कर्ज से परेशान होना बताया



# एटा में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में शनिवार को सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम गाजीपुर पहोर निवासी सात वर्षीया बच्ची शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। शाम करीब 4 बजे तक वह नहीं लौटी तो मां ने तलाशना शुरू किया। देर शाम बच्ची का पता नहीं चला तो सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दे दी गई। शनिवार रात करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की मदद से गांव के बाहर सरसों के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। उसके कपड़े फटे हुए थे। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उसी गांव के 26 वर्षीय युवक जवाहर शर्मा ने घटना को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

- पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ में जुर्म कबूला

## सशस्त्र पुलिस के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस बलों में अब हिंदी अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देने की छूट मिली है। इसका पहली बार प्रयोग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपहिया की होने वाली भर्ती के दौरान किया जाएगा।

7 मार्च को आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा में 128 शहरों के करीब 48 लाख उम्मीदवार 20 फरवरी से 7 मार्च तक क्षेत्रीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिए थी। जिन क्षेत्रीय भाषाओं को लिखित परीक्षा के लिए शामिल किया गया है, उसमें गुजराती, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, मराठी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, मणिपुरी, कोंकणी एवं असमिया भाषा हैं। गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर सरकार ने उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

# बुंदेलखंड ठंडे बस्ते में, केन-बेतवा लिंक की तैयारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों ने प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य को पीछे धकेलते हुए केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना को ज्यादा महत्व देना शुरू किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का इसी माह कभी भी शिलान्यास कर सकते हैं। परियोजना की लागत 46 हजार करोड़ है। इसमें 90 प्रतिशत केंद्र एवं पांच-पांच प्रतिशत उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें देंगी।



इस परियोजना का परिचय तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के समय में वर्ष 2003 में नदी जोड़ परियोजना से हुआ था, लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्ष तक इस परियोजना में कोई कार्य नहीं हुआ। मोदी सरकार ने इस योजना पर जब काम शुरू किया तो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के लैंड यूज पर आपत्ति दर्ज कर दी थी, जिसके चलते यह परियोजना फिर अधर में लटक गई। अब 6017 हैक्टेयर वन भूमि का लैंड यूज बदलने की अनुमति वन मंत्रालय ने दे दी है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने इस परियोजना की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

परियोजना के तहत पन्ना जिले में एक बांध बनेगा और वहां एक नहर के माध्यम से केन नदी का अतिरिक्त पानी बेतवा नदी में छोड़ा जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की काया बदलने का दावा किया जा रहा है। दोनों राज्यों की लगभग 8 लाख हेक्टेयर बंजर व असिंचित जमीन को उपजाऊ व सिंचित बनाया जाएगा। दोनों राज्यों के 62 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। 130 मेगावाट क्षमता वाले दो (थर्मल व सोलर) पावर प्रोजेक्ट भी चलेंगे।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी माह कर सकते हैं शिलान्यास
- उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 13 जिले होंगे लाभान्वित



# बुमराह की प्रशंसा में अश्विन ने कहा- बूमबॉल अद्भुत

## क्रिकेट के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बुमराह की बड़ी उपलब्धि



चेन्नई, एजेंसी

**9 विकेट लेकर टेस्ट में पहुंचे शीर्ष पर, इससे पहले वनडे और टी-20 में भी बनाया था स्थान**

भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी 'बूमबॉल' ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 'रिवर्स स्विंग' से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल 9 विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह ने इससे पहले वनडे और टी20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की। वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनमुताबिक नतीजा हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम चौथे दिन बराबरी पर थे, लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली। 5 मैच की श्रृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

**इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन कर 45 रन देकर 6 विकेट झटके थे**

# मैक्सवेल के शतक से ऑस्ट्रेलिया जीती

एडीलेड, एजेंसी



**वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बनाई बढ़त**

आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे 20-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले 7 ओवर में 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई, लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर 3 और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर भी 6.4 ओवर के बाद 3 विकेट पर 64 रन था। मैक्सवेल ने स्टोइनिस (16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने द. अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा।

## खेल डायरी

### नागल और रामकुमार बेंगलुरु ओपन के पहले दौर में फ्रांस के प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगे



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार से शुरु होने वाले बेंगलुरु ओपन के पुरुष एकल मुख्य ड्रा में ज्योफ्रे ब्लांकानॉक्स से भिड़ेंगे जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रामकुमार रामनाथन का सामना मैक्सिम जानवियर से होगा। विश्व रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज नागल फ्रांस के ब्लांकानॉक्स को तीन बार हरा चुके हैं, जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में उन्हें पराजित करना भी शामिल है। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रामकुमार का फ्रांस के जानवियर के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1-1 की बराबरी का है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो उनके इटली के शीर्ष वरीय लुका नार्डी से भिड़ने की उम्मीद है जिन्हें पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ना है। आस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को तीसरी वरीयता मिली है और वह अपने अभियान की शुरुआत भारतीय वाइल्ड कार्डधारी प्रज्वल देव के सामने होंगे। युगल के मुख्य ड्रा में नौ भारतीय हैं। एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमान का सामना जर्मनी के मार्क वॉल्नर और जैकब श्नेटर से होगा।

### मेस्सी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद

**हांगकांग, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने से स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेस्सी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था।

### करण-मुकुंद बेंगलुरु ओपन के क्वालीफायर में हारे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा, जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले करण सिंह को पहले दौर में डान एडिड से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से पराजित हो गए। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी यूक्रेन के एरिक वाशेलबोइम से हार गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा और आदिल कल्याणपुर भी बाहर हो गए। पूनाचा को आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टॉमिच से हार मिली। आदिल को कोरिया के आठवें वरीय युन सियोंग चुंग से शिकस्त मिली।

### तेजस्विन ने शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए। शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।




# अंडर-19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता, भारत को 79 रन से हराया

## चौथी बार बना विजेता, 253 रन का लक्ष्य, भारतीय टीम 174 पर सिमटी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए फाइनल मैच में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (55 रन), हैरी डिक्सन (42), कप्तान ह्यू वीबगेन (48) और ओलिवर पीक (नाबाद 46) ने योगदान दिया। भारत के तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने 3 विकेट जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 2 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाज परिस्थितियों से सामंजस्य नहीं बिठा पाए। भारत के केवल 4 बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने 3 विकेट जबकि कैलम विडलर ने 2 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 3 विकेट लेकर अच्छा योगदान दिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज अर्शीन कुलकर्णी (3) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कैलम विडलर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया। मुशीर खान (22 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। माहलि बीयर्डमैन की गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकटों में समा गई। आदर्श ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमी फाइनल में जीत के नायक रहे कप्तान उदय सहारन (8) और सचिन धास (9) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि प्रियांशु मोलिया (9) और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेल्ली अवनीश (0) ने भी निराश किया जिससे भारत का स्कोर 6 विकेट पर 91 रन हो गया। बीयर्डमैन ने आदर्श को विकेट के पीछे कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया और भारत की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। मुरुगन और नमन तिवारी (नाबाद 14) नौवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इससे पहले लिंबानी ने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (0) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में झटका दिया। डिक्सन और वीबगेन ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। डिक्सन और वीबगेन को लगातार ओवरों में आउट किया। वीबगेन ने प्वाइंट पर मुशीर खान को कैच दिया जबकि डिक्सन का कैच अभिषेक मुरूगन ने लपका।

# अजित के 5 विकेट के बावजूद कर्नाटक का पलड़ा भारी

**रणजी ट्राफी ग्रुप सी**

चेन्नई, एजेंसी



चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रणजी मैच के दौरान शॉट लगाता बल्लेबाज।

बाएं हाथ के स्पिनर अजित राम के पांच विकेट की बदौलत तमिलनाडु ने रविवार को यहां कर्नाटक को दूसरी पारी में 139 रन पर आउट कर दिया, लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के इस मैच में अपना पलड़ा भारी रखा।

राम ने 61 रन देकर 5 और साइ किशोर में 27 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जिससे कर्नाटक की टीम 56.4 ओवर में आउट हो गई। उसने तमिलनाडु के सामने 355 रन का लक्ष्य रखा। कर्नाटक के 366 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में केवल 151 रन बनाने वाले तमिलनाडु में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 36 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 319 रन पीछे है। उधर मोहाली में मेजबान पंजाब पर हार का खतरा मंडरा रहा है। उसने गुजरात के खिलाफ 411 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 4 विकेट पर 40 रन बनाए हैं। चंडीगढ़ में खेले जा रहे ग्रुप-सी के मैच में त्रिपुरा ने मणिसंकर मुरासिंघ (94), गणेश सतीश (88), कप्तान रिद्धिमान साहा (66) और बिमरनजीत देबनाथ (64) के अर्धशतकों की मदद से चंडीगढ़ के 356 रन की जवाब में पहली पारी में 438 रन बनाए। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 116 रन बनाए हैं। शिवम भांबरी 61 और अर्सलान खान 49 रन पर खेल रहे हैं। सूरत में गोवा ने रेलवे के खिलाफ 306 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 1 विकेट पर 93 रन बनाए हैं। उसकी टीम लक्ष्य से अभी 213 रन पीछे है।

# अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता खिताब



**एशियाई कप**

**लुसैल (कतर), एजेंसी।** कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को जोर्डन को 3-1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 8 गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को लुसेल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

# भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से बाहर इंग्लैंड के स्पिनर लीच

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से भारत के खिलाफ बचे तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ये घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी, जिससे वह विशाखापत्तनम के टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा कि वह 24 घंटे में अबुधाबी से घर रवाना होंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में होने वाले टेस्ट से पहले रुकी है।



## बॉलीवुड हलचल

### शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है। मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300-350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

### वैलेंटाइन वीक पर 22 रोमांटिक फिल्में हुई री- रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** वैलेंटाइन वीक के अवसर पर 22 रोमांटिक फिल्में री- रिलीज की गई हैं। पीवीआर आईनॉक्स ने वेलेंटाइन वीक के अवसर पर कई रोमांटिक फिल्मों को री- रिलीज किया है। इन फिल्मों की लिस्ट में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'ये जवानी है दीवानी' 'जब वी मेट', 'मोहब्बतें', 'वीर जारा', 'प्यार का पंचनामा', 'दिल तो पागल है' और 'तू झूठी मैं मक्कार' समेत 22 फिल्में शामिल है। ये फिल्में मुंबई, दिल्ली और गोवा सहित 62 शहरों में री-रिलीज हुई हैं।

### 9 अरब कमाकर भी शांत नहीं होना वाला है 'एनिमल'



'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले रणबीर कपूर आगे कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। दिसंबर 2023 में 'एनिमल' के जरिए रणबीर कपूर ने इतिहास रच दिया। रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का दबदबा रहा और दुनियाभर में इस फिल्म ने 915 करोड़ यानी 9 अरब का कारोबार किया और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो गई। ये मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है। एनिमल के बाद रणबीर के खाते में और भी कई ऐसी फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रखने का दम रखती हैं। **निमल पार्क:** एनिमल के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान कर दिया था कि इसका सीक्वल आएगा, जिसे 'एनिमल पार्क' के नाम से रिलीज किया जाएगा। 'एनिमल' के आखिरी सीन को देखकर इस बात का अंदाजा लग गया था कि दूसरे पार्ट में और भी ज्यादा खून खराबा होने वाला है। 'एनिमल' की दमदार कमाई देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि 'एनिमल पार्क' भी बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख सकती है। **ब्रह्मास्त्र 2 :** रणबीर की अपकमिंग फिल्मों में 'ब्रह्मास्त्र 2' भी है। 2022 में इसका पहला पार्ट आया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। **रामायण:** इस लिस्ट में नितेश तिवेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही 'रामायण' भी है। **लव एंड वॉर:** इस फिल्म को संजय लीला भंसाली बना रहे हैं। इसमें रणबीर के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। साथ ही विक्की कौशल भी इस फिल्म में लीड रोल में हैं। यानी इस फिल्म में ये तीनों बड़े सितारे एक साथ दिखेंगे। ऐसे में हो सकता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दे। पिछले कुछ समय से एक फिल्म की और चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि उस फिल्म को राजकुमार हिरानी बनाएंगे और रणबीर उसमें लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं है।

### रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

### दबंगी - मुलगी आई रे आई' में लीप के बाद रचना मिस्त्री ने ली आर्या की जगह



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी, 'दबंगी - मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रचना मिस्त्री कदम रखेंगी। ऐरा के वेश में और न्याय की चाहत से प्रेरित, आर्या, अभी भी अपनी दबंगी वाला हौसला रखती है, लेकिन नई परिपक्वता के साथ, अपनी आई, छाया और बाबा अंकुश की हत्याओं का प्रतिशोध चाहती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# भाजपा के साथ अन्य दलों के नेताओं ने भी किए रामलला के दर्शन

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में रविवार को दोनों सदनों के माननीय पहुंचे अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रविवार को दोनों सदनों के माननीयों ने रामलला के दर्शन किए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में शामिल अन्य दलों के लोगों ने भी पार्टी लाइन से हटकर दर्शन किए।

सभी को तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रामनामी व प्रसाद प्रदान किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक कैबिनेट मंत्रियों में सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, नन्द गोपाल गुप्त नन्दी, अनिल राजभर, जतिन प्रसाद राकेश सचान, अरविन्द कुमार शर्मा, योगेन्द्र उपाध्याय, आशीष पटेल, संजय निषाद ने रामलला का दर्शन किया।

राज्य मंत्रियों में नितिन अग्रवाल, कपिल देव अग्रवाल, रवीन्द्र जायसवाल, सन्दीप सिंह, गुलाब देवी, गिरीश चन्द्र यादव, धर्मवीर प्रजापति, असीम अरूण, जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, दयाशंकर सिंह, नरेन्द्र कश्यप, दिनेश प्रताप सिंह, अरूण कुमार सक्सेना, दयाशंकर मिश्र दयालु, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, संजीव गोंड, बलदेव सिंह आलेख, अजीत पाल, जसवन्त सिंह सैनी, रामकेश निषाद, मनोहर लाल मन्नू कोरी, संजय सिंह गंगवार, बृजेश सिंह, केपी मलिक, सुरेश राही, सोमेन्द्र तोमर, अनूप प्रधान वाल्मीकि, प्रतिभा शुक्ला, राकेश राठौर गुरू, रजनी तिवारी, सतीश चन्द्र शर्मा व दानिश आजाद अंसारी ने रामलला के दर्शन कर प्रसाद किए।



रामलला के दर्शन के बाद रामनामी चुनरी ओढ़ सीढ़ियों पर बैठे योगी सरकार के मंत्री व विधायक। अमृत विचार

### मंत्रियों ने परिवार के साथ दर्शन कर फोटो खिंचवाई

दोनों सदनों के सदस्यों व मंत्रियों ने रविवार को रामलला का दर्शन किया। इस दौरान कुछ मंत्रियों ने अपने परिवार के साथ दर्शन किया। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दर्शन के बाद मंत्रियों के परिवार के सदस्यों को भी रामनामी व प्रसाद दिया गया। सभी दर्शन के बाद बेहद प्रसन्न रहे और निकासी उत्तरी द्वार की सीढ़ियों पर फोटो भी खिचवाए। इतना ही नहीं कई बार सामूहिक रूप से जय श्रीराम का उद्घघोष भी किया।



रामलला का दर्शन-पूजन कर लौटते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व कैबिनेट के अन्य सदस्य। अमृत विचार

### आम श्रद्धालुओं ने भी सुगमता से किए दर्शन

राम मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी मंत्रियों व विधायकों को वीवीआईपी गेट से परिसर के अंदर प्रवेश कराया गया। इसके अलावा आम श्रद्धालु भी रामलला का दर्शन सुगमता से कर सकें, इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से बेहतर इंतजाम किए गए थे। मंदिर में आम श्रद्धालु भी दर्शन-पूजन करते रहे। मंदिर में व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह समेत कई अधिकारी डटे रहे।

### माननियों को भेंट किया गया रामनामी पट्टा और प्रसाद

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए रविवार को आए मंत्रियों व विधायकों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास द्वारा रामनामी पट्टा एवं प्रसाद भेंट किया गया। इसके लिए रामजन्मभूमि से जुडे व विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने स्वयं कमान संभाल रखी थी। वहीं मंदिर में रामलला के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने सभी को दर्शन-पूजन कराया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे भी लगे।

### नगर विधायक ने सआदतगंज में किया स्वागत

अयोध्या के प्रवेश द्वार पर विधानमंडल के सदस्यों व मंत्रियों का स्वागत किया गया। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र के सआदतगंज के पास स्वागत किया। कहा कि प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों और विधायकों के साथ एनडीए के भी विधायकों का यहां आना अयोध्या के लिए गौरव की बात है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव व महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी रहे।




श्रीराम जन्मभूमि परिसर में एक बिटिया को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री।

### सोहावल टोल प्लाजा से फर्राटा भरते गुजरा काफिला

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** बिना कोलाहल के मंत्रिमंडल के माननीयों ने यहां 11 लग्जरी बसों से फरार्टा भरते हुए रौनाही टोल प्लाजा तहसीनपुर पार किया। उनके आगे सुरक्षा दस्ते की सायरन बजाती वीआईपी लगभग दो दर्जन कारें चल रही थी। जिन्हें रास्ता देने के लिए हाईवे पर जगह – जगह पुलिस कर्मी लगाए गए थे। काफिला आने से कुछ मिनट पहले हाईवे पर चलने वाले बड़े वाहनों को सड़क के किनारे रोक दिया गया। शेष यातायात सामान्य रहा। टोल प्रबंधक सिकरवार ने बताया माननीयों के लिए दो लेन सुरक्षित कर दी गई थी। हाईवे पर पेट्रोलिंग कर मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए बंदोबस्त किए गए थे।

### स्वागत में फूलों के साथ बिखरी अवधी लोक संस्कृति की महक



स्वागत समारोह में लोक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

**भेलसर, अयोध्या, अमृत विचार :** मंत्रिमंडल और विधानमंडल के सदस्यों के स्वागत के लिए जिले की सीमा पर संस्कृति विभाग की ओर से लोक कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पारंपरिक अवधी लोक नृत्य के माध्यम से स्वागत को और शानदार बना दिया। सांस्कृतिक मंच पर अवधी लोक नृत्य के कलाकारों ने प्रस्तुतियां देकर बसों में मौजूद माननीयों को भी मोहित कर दिया। दस मिनट के लिए यहां रुके कारवां के दौरान बसों के अंदर से माननीय स्वागत से अभिभूत होकर फोटो और वीडियो बनाते भी दिखे।

## सपा को छोड़कर सभी दलों के विधायक दर्शन को पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएम योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोडकर सभी दलों के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्री प्रभु श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। इस अवसर पर परिवहन निगम की लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए सीएम योगी का आभार जताया। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए।

उल्लेखनीय है कि अयोध्या दर्शन करने पहुंचे विधायकों में बीजेपी के सहयोगी दलों के साथ साथ आरएलडी, बसपा और कांग्रेस के भी विधायक शामिल हुए। जिन बसों से विधायकों को अयोध्या ले जाया गया, उन बसों के अंदर रामधुन भी बजाई गई। तमाम तरह के फूल लगाए गए थे। इसके अलावा मंत्रियों और विधायकों को मेमोरी के लिए एक बैग दिया जा गया। जिसमें एक डायरी, एक कैलेंडर और पेन आदि रखा था।

**रामलला दर्शन**

- भाजपा और घटक दलों के साथ ही बसपा, आरएलडी और कांग्रेस के विधायक रहे मौजूद
- फूलों से सजी परिवहन निगम की बसों में सवार होकर पहुंचे अयोध्या, बसों में बजी राम धुन

## दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री आज अयोध्या में करेंगे दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अनवरत आ रहे विशिष्ट जनों के बीच अब सोमवार को यहां दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री परिवार के साथ रामलला के दर्शन के लिए आ रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को दिल्ली से यहां एक चार्टर्ड प्लेन से पहुंचेगे। उनके साथ परिवार के लोग भी मौजूद रहेंगे। सूचना के अनुसार महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर दोपहर 12 बजे दिल्ली से एक चार्टर्ड प्लेन से दोनों मुख्यमंत्री यहां पहुंचेगे। रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या कार से जाएंगे। मुख्यमंत्रियों के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही है।

## श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी इसका भी रखा गया ध्यान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सीएम योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोड़कर सभी दल के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्रियों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर प्रभु श्रीराम का गुणगान किया। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। इसके साथ ही वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान वह अपने बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पाकर काफी गदगद नजर आए और पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए यूपी के विधायक और मंत्रियों का काफिला 10 लग्जरी बसों से रविवार को रामनगरी पहुंचा । विधायकों और मंत्रियों का काफिला करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे। वहीं विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और जय श्री राम के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। दर्शन के बाद सभी विधायकों और मंत्रियों को प्रसाद भी दिया गया। वहीं, सभी ने परिसर मंदिर में भोजन भी किया।



बुलडोजर पर खड़े होकर काफिले का फूलों की वर्षा से स्वागत करते लोग। अमृत विचार

## मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अयोध्या के इतिहास में एक नया अध्याय और जुड़ गया। पहली बार प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने सामूहिक रूप से रामलला के दर्शन कर 22 जनवरी की तरह ही 11 फरवरी का दिन भी इतिहास के पन्नों दर्ज करा दिया।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंत्रियों और विधायकों के दल का जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इतना ही नहीं सभी ने मंदिर में रामलला के समक्ष हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। करीब दो घंटे तक दर्शन-पूजन के दौरान मंत्री और विधायक बेहद अभिभूत और उल्लासित दिखे। निर्धारित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से 10 लग्जरी बसों से रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे मंत्रियों व विधायकों के काफिले ने 11 नंबर गेट से जन्मभूमि परिसर में प्रवेश किया। उसके बाद 12:50 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला परिसर में पहुंचा। मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद मंत्रियों व विधायकों ने एक साथ रामलला के दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश किया। रामलला के दर्शन-पूजन और आरती के बाद आस्था से अभिभूत सभी ने एक स्वर में जय श्रीराम का उद्घोष किया।



रामलला के दर्शन के दौरान गर्भगृह में पालथी मारकर बैठे मुख्यमंत्री व मंत्री।

### उमाशंकर सिंह बोले बसपा धर्म निरपेक्ष दल

बसपा विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और सभी धर्मों का सम्मान करती है। सभी को अपने धर्म और पंथ को मानने और उस अनुसार



आचरण की छूट है। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सभी विधायकों को रामलला का दर्शन-पूजन करने के अवसर उपलब्ध कराया गया। इसके लिए अच्छी व्यवस्था की गई। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर दर्शन-पूजन को लेकर राजनीति का आरोप लगाया।

### कल्याण सिंह की इच्छा हुई पूरी : संदीप

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह ने कहा कि यह पल बहुत ही खुशी का है। हम सभी को एक साथ यहां पर भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन



का सौभाग्य मिला है। बाबू जी का सपना था कि श्री रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो और उसी स्थान पर बने जहां उनका जन्म स्थान है। उनके सामने मंदिर का निर्माण शुरू हो गया था। आज उनकी इच्छा पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि यहां आकर उन्हें खुशी की अनुभूति हो रही है।

### रामराज्य की नई ऊर्जा से होंगे कल्याणकारी कार्य

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 500 वर्ष के संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदानों के बाद प्रभु रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए। यह हमारा सौभाग्य है



कि विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित मंत्रीयों व विधायकों के साथ रामलला का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। यहां से हम लोग एक नई ऊर्जा लेकर जा रहे हैं। इसी ऊर्जा के साथ देश और प्रदेश में रामराज्य की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे।

### 2024 में 400 पार का मांगा आशीर्वाद : केशव मौर्य



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रभु रामलाल का सभी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ दिव्य दर्शन का सौभाग्य मिला। मंदिर में रामलला के साथ समय बिताने से मन अह्लादित हो गया। हनुमान जी के चरणों में भाव अर्पित किया है। उन्होंने बताया कि रामलला का वंदन करते हुए 2024 में 400 पार का आशीर्वाद मांगा है। यह भी कहा कि मैंने समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाने के लिए भी आराध्य से प्रार्थना की है। बोले- जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं।

### समान नागरिक संहिता देश की जरूरत : मोहसिन



अल्पसंख्यक मंत्री मोहसिन रज़ा ने कहा कि प्रभु श्री राम हम सबके दिलों में बसते हैं। आज उनकी जन्मस्थली पर आए हैं, करोड़ों लोगों का सपना साकार देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता देश की जरूरत है। कहा कि विपक्ष के कुछ लोग और कुछ धर्मगुरु पर्दे के पीछे से समान नागरिक संहिता को लेकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर सतर्क हैं।

### अवध से रिश्ता पुराना : आराधना



दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर रामलला का दर्शन पूजन करने पहुंचीं कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा भावुक नजर आईं। इस दौरान उन्होंने पुरानी यादें भी ताजा की। उन्होंने कहा कि अवध में मेरा पुराना नाता है। मैं बचपन से ही यहां आती रही हूं। आज रामलला के दर्शन का सौभाग्य हासिल हुआ। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व मकर संक्रांति पर्व पर भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या आई थी। अब फिर मौका मिला।

### रामलला हैं सब पर भारी, काशी, मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी : संजय निषाद



मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज त्रेतायुग का वह क्षण है। जब कभी त्रेता में निषाद राज ने राम का दर्शन किया था। उनकी सेवा ने रावण राज्य को खत्म किया था। आज एक बार फिर निषादराज के वंशज के रूप में दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दूंगा। उन्होंने मंदिर आंदोलन में प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वरीय कृपा से 500 साल का संघर्ष पूर्ण हुआ। बोले- आज रामलला सब पर भारी हैं। काशी मथुरा और श्रृंगवेरपुर की बारी है। समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज अवसर था पार्टी के नेता भी आकर यहां प्रयाश्चित कर सकते थे।

## 11 क्षेत्रों से आईं विशेष ट्रेन, 6 वापस गईं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम दर्शन यात्रा अभियान ने गति पकड़ ली है। देश के विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालुओं का आस्था विशेष ट्रेनों से आगमन और प्रस्थान जारी है। रविवार को कन्याकुमारी समेत विभिन्न प्रांतों से कुल 12 विशेष ट्रेनें जनपद पहुंची, जबकि 6 विशेष ट्रेनों से श्रद्धालु अपने गंतव्य को वापस रवाना हुए। नगरीय परिवहन सेवा की सभी ई बसों की ड्यूटी आस्था ट्रेनों से आ रहे श्रद्धालुओं को उनके ठहरने के स्थल टेंट सिटी तक लाने और वापस संबधित स्टेशन तक पहुंचाने में लगाई गई है, जिसके चलते ई सिटी बसों का सामान्य मार्ग पर संचालन नहीं हो पा रहा है।



आस्था ट्रेन के पहुंचने के बाद स्टेशन से बाहर निकलते श्रद्धालु। अमृत विचार

रविवार को मध्य रात्रि के बाद से ही विशेष आस्था ट्रेनों का आगमन शुरू हो गया। अयोध्या धाम पर कोयंबटूर, गुजरात के बड़ोदरा व इंदौर, उड़ीसा के पुरी व संभलपुर, प्रदेश के झाँसी से कुल छह ट्रेन पहुंची। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर दोपहर बाद आनंद बिहार ताम्रमिनल दिल्ली से और दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर कन्याकुमारी (केप कोमरीन) और सलारपुर स्टेशन पर छत्रपति शिवजी टर्मिनल, पालनपुर व सिकंदराबाद से तीन विशेष ट्रेन पहुंची है। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि रविवार को आने वाली 9 व वापस जाने वाली 6 आस्था ट्रेनों को लेकर प्रत्येक ट्रेन के श्रद्धालुओं के लिए 36-36 ई बसों की ड्यूटी लगाई गई थी।

# शिक्षा वह चाबी है जो हर ताले को खोल देती है : मो. बख्शीश



वेस्ट्रीज हिल्टन स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** वेस्ट्रीज हिल्टन स्कूल मकोइया का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रबंधक मोहम्मद बख्शीश खान ने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर समाज के सभी ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। शिक्षा वह चाबी है जो हर ताले को खोल देती है। छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए हुए कहा कि जो बच्चे मंच पर आकर बोल सकते हैं, तो यही बच्चे आगे पढ़ाई में भी नाम रोशन करेंगे।

मो. शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि शिक्षा ही समाज की आधारशिला है। शिक्षा के बिना विकास असंभव है। प्रधानाचार्य मोहसिन खान ने कहा है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी भाग लेना चाहिए, जिससे उनका मानसिक शारीरिक विकास होता है। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों के मन मोह लिया। कक्षा 8 के बच्चों ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत समाज में बेटियों के प्रति फैली बुराइयों को दूर करने के लिए ड्रामा के जरिए लोगों को एक सीख दी। बच्चों ने देशभक्ति गाने गाकर सबका मन मोह लिया। कक्षा चार के बच्चों ने मेरे पापा जैसे गाने गाकर पिता के प्रति सम्मान उजागर किया।

### बच्चों ने ड्रामा के माध्यम से किया जागरूक

कक्षा एलकेजी से 12 तक के बच्चों ने अनेकों प्रकार के समाज में फैली बुराइयों के प्रति ड्रामा कर लोगों को जागरूक किया। ड्यूवेट इनटेक स्मार्ट क्लास कंपनी से वेस्ट्रीज हिल्टन स्कूल मकोइया का टाइअप हुआ है, जिसमें बच्चों को स्मार्ट क्लासेस, ऑनलाइन क्लासेस, छात्रों की उपस्थिति आदि अभिभावक घर बैठे जान सकेंगे। वहीं किताबों का बोझ भी कम हो जाएगा। स्कूल में अगले सत्र से स्मार्ट क्लासेस शुरू की जाएगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य मोहसिन खान, नूरजहां खान, हलीमा खान, अशरफ अंसारी, रमन कुमार, साधना सिंह, काजी अबुजर, अब्दुल रउफ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बसखारी में विजेता छात्राओं का सम्मान

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** अमेठी जनपद में हुए वॉलीबॉल टूर्नामेंट में शिक्षा क्षेत्र बसखारी के कंपोजिट विद्यालय तरौली मुबारकपुर की छात्राओं ने शानदार जीत दर्ज करते हुए जनपद का नाम रोशन किया है। इतना ही नहीं अपनी इस उपलब्धि के कारण यही टीम आगामी 15 से 17 फरवरी के बीच साईं स्पोर्ट्स स्टेडियम लखनऊ में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल का भी प्रतिनिधित्व करेंगी।

बता दें कि बीते 8-9 फरवरी को मगरौर जगदीशपुर अमेठी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें शिक्षा क्षेत्र बसखारी के अंतर्गत स्थित तरौली मुबारकपुर कंपोजिट विद्यालय की अंजलि, लाडली, रुचि, सोनी मिश्रा, सलोनी आदि छात्राओं ने कैप्टन साध्वी के नेतृत्व में जनपद अंबेडकर नगर का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल मुकाबले में सुल्तानपुर जनपद को 0-20 से पराजित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। अंडर 14 बालिका मंडल स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में शानदार जीत दर्ज करने के बाद कंपोजिट विद्यालय तरौली मुबारकपुर में विजेता छात्राओं को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी केके सिंह सहित कई लोगों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रधानाचार्य विनोद मौर्य, इरशाद अहमद, प्रवेश कुमार, बलराम मिश्रा, रामबचन वर्मा आदि रहे।



कंपोजिट विद्यालय तरौली मुबारकपुर में गोल्ड मेडल के साथ मौजूद विजेता छात्राएं।

## एक नजर

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड में शासन द्वारा जनवरी माह की रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें जनपद अंबेडकरनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राजस्व व विकास में ओवरऑल रैंकिंग जनपद अंबेडकर नगर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने राजस्व और विकास के ओवरऑल रैंकिंग में उच्च स्थान प्राप्त करने पर जनपद स्तरीय समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

### विवाद सुलझाकर फिर साथ रहने को राजी हुए जोड़े

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी के अथक प्रयास से एक वैवाहिक जोड़े के पारस्परिक विवाद को सुलझा कर उन्हें राजी–खुशी विदा किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह समझौते के क्रम में रविवार को महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी व महिला आरक्षी पूनम शर्मा के अथक प्रयास से पति–पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया।

### वारंटी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कोतवाली टांडा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक विनोद यादव ने विभिन्न मुकदमों में वारंटी अभियुक्त रामजीत पुत्र लक्ष्मी निवासी मुबारकपुर थाना कोतवाली टांडा जनपद को गिरफ्तार किया है।

# 59 केंद्रों पर हुई आरओ-एआरओ की परीक्षा

## 26496 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 18502 ने दो पारियों में दी परीक्षा, 7994 छात्र रहे अनुपस्थित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जनपद में रविवार को समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा 59 केंद्रों पर शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में 26496 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 18543 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 7953 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 18502 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 7994 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर जनपद के सभी केंद्रो पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा केंद्र के भीतर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व बाहर पुलिसकर्मियों का पहरा रहा।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ-एआरओ की परीक्षा के लिए जनपद में 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। नकल विहीन परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के अतिरिक्त एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे और द्वितीय पाली 2:30 बजे से प्रारंभ हुई। परीक्षा में कुल 26496 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, लेकिन किन्ही कारणों से प्रथम पाली में 7953 और द्वितीय पाली में 7994 छात्र अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 18543 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। वहीं द्वितीय पाली में 18502 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के 59 केंद्रों पर आरओ-एआरओ परीक्षा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। परीक्षा में 7994 छात्र अनुपस्थित रहे है।



परीक्षा केंद्रों पर लगी छात्रों की भीड़। अमृत विचार

### परीक्षार्थियों के लिए की गई थी समुचित व्यस्था

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, परीक्षा कक्षा में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वॉशरूम की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के अंदर सभी फोटो स्टेट की दुकान बंद रही। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 का अनुपालन कड़ाई से पालन किया गया। परीक्षा सुचिता पूर्ण, पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन संपन्न हुई।

# अनियंत्रित कार ने वृद्ध को मारी टक्कर, गंभीर

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अनियंत्रित कार की चपेट में आने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। वृद्ध की हालत नाजुक होने के चलते उसे जहांगीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र का है। रविवार दोपहर पवन मांझी घर से साइकिल से जहांगीरगंज बाजार जा रहे थे। नरियांव-मांडरमऊ मार्ग के खरगूपुर मोड़ पर सामने से आ रहे अनियंत्रित वाहन की जोरदार टक्कर में पवन गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

### मिलेट्स प्रदर्शनी का आयोजन आज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के तहत जनपद स्तरीय प्रदर्शन कार्यक्रम व मिलेट्स रेसिपी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभा किया जाएगा। श्रीअन्न योजना के तहत जनपद स्तरीय प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को 12 बजे कलेक्ट्रेट से शाहजादपुर चौक तक निकाला जाएगा और मिलेट्स रेसीपी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 12 को 1 बजे लोहिया भवन में किया जाएगा जिसका उद्देश्य मिलेट्स उत्पादों को बढ़ावा देना है, जिससे किसानो की आय में वृद्धि होगी और आम जनमानस के स्वास्थ्य में लाभदायक होगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**आवश्यक सूचना**

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर **सीतापुर जं.–सीतापुर सिटी** खण्ड के दोहरीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, लखनऊ **13** फरवरी, **2024** को इस नव दोहरीकृत लाइन का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा।

अतः आम जन को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस नव दोहरीकृत लाइन पर न जाये और न ही अपने पशुओं को जाने दें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि.
मुजाधि/डब्लू–541 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### राज्यस्तरीय फुटबॉल मैच 12 से

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** रघुराजी देवी फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक शनिवार को कौमी इंटर कॉलेज टांडा में सांसद रीतेश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 12 से 15 फरवरी के मध्य प्रस्तावित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। आयोजन समिति के अमन मेहरोत्रा ने बताया कि अंबेडकरनगर फुटबॉल कप की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। टूर्नामेंट नगर के मोहसिनपुर मंसूरपुर स्थित तक्षशिला रुट्स और फाइनल मैच कौमी इंटर कॉलेज टांडा के मैदान पर होगा। बैठक में मुकेश, अर्पित, जावेद, शमशाद, शादाब आदि मौजूद रहे।

# बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

आलापुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** आलापुर थानाा क्षेत्र के एक गांव में एक बालिका के साथ किशोर द्वारा दुष्कर्म का प्रयास किया गया। मामले में पीड़ित बालिका के परिजनों की तहरीर पर बाल संरक्षण अधिकारी ने किशोर को गिरफ्तार कर बाल संरक्षण गृह भेज दिया है।

बात दें कि पांच वर्षीय मासूम बालिका के साथ किशोर द्वारा दुष्कर्म का प्रयास किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है। आलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को एक पांच वर्षीय बालिका को गांव का ही एक आरोपी 16 वर्षीय किशोर पहले फुसलाकर एकांत स्थान पर ले गया और उसके द्वारा दुष्कर्म का प्रयास बालिका के साथ किया गया। मामले की सूचना मिलते ही अलापुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया और बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि किशोर को बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा हिरासत में लिया है।

### सीओ से लगाई सुरक्षा की गुहार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पत्नी और प्रेमी के विरुद्ध पति द्वारा पूर्व में दर्ज कराए गए प्राण घातक हमला मारपीट के मुकदमे के मामले में पीड़ित को जान से मारने की धमकी मिल रही है। उसने थाना क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर मोबाइल नंबर के आधार पर तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के ताहापुर गांव का है। बता दें कि नरेंद्र वर्मा की पत्नी का गांव के ही कृष्ण कुमार से संबंध था। पता चलने पर विरोध किया तो विवाद हो गया। पत्नी तब से मायके में है। बीते सप्ताह इसी रंजिश में कृष्ण कुमार विश्वकर्मा रात में घर में छत के रास्ते घुस गया और नरेंद्र के हाथ में विद्युत करंट का झटका दिया। उसके खिलाफ मुकदमा तो दर्ज हो गया लेकिन आरोपी अब धमकी दे रहा है।

# सरयू मेले का लोगों ने उठाया लुत्फ, सेल्फी भी ली

## आयोजन

▸▸ **गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं ने लगाए कई स्टॉल**

टांडा, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** एनटीपीसी टांडा आवासीय परिसर स्थित महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल द्वारा राम लीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय सरयू मेला का उद्घाटन बीते शनिवार को किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर एन श्रीनिवास राव और उत्तरा महिला मंडल की अध्यक्षा विजया राव ने फीता काटकर राम दरबार, श्रीगणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर उन्होनें केक काटा और आसमान में गुब्बारे छोड़े।



सरयू मेले का अवलोकन करते एनटीपीसी टांडा के परियोजना प्रमुख व अन्य।

मेले को भव्य और आकर्षक रुप देने के लिए गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं द्वारा खान-पान के अनेक स्टॉल लगाए गए। इसके अलावा अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा उपयोगी घरेलू सामग्रियों व हस्तशिल्प के आकर्षक स्टॉल जैसे मोटर कंपनियां, कारपेट, इंश्योरेंस कंपनियां, रियल इस्टेट, सुरक्षा विभाग, सीएसआर अनुभाग, कपड़े व अन्य सामानों के स्टाल भी लगाए गए। मेले में बच्चो के मनोरंजन के लिए झूलों का प्रबंध भी किया गया। मेले में नो प्लास्टिक यूज विषय पर विशेष ध्यान दिया गया। मेले में सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केन्द्र था, जिसका लोगों ने फोटो खिचवाकर भरपूर आनन्द उठाया। मेले में मुख्य अतिथि और वरिष्ठ अधिकारियों व गरिमा महिला मंडल की पदाधिकारियों ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टालों का जायजा लिया। मेले में लखनऊ से आयी रुद्र कला अकादमी के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद मेले में लकी ड्रॉ निकाला गया और उसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी औरैया जसबीर सिंह अहलावत और सरोज अहलावत महाप्रबंधक मानव संसाधन उत्तरी क्षेत्र, अनिल कुमार डैंग व रजनी डैंग, परियोजना प्रमुख टांडा बीसी पलेई, महाप्रबन्धक प्रचालन एवं अनुरक्षण नील कुमार शर्मा, महाप्रबन्धक चिकित्सा सेवाएं डॉ. उदयन तिवारी आदि रहे।

**पीड़ा** तहसील परिसर में नहीं हैं पानी और शौचालय की समुचित व्यवस्था

# जलालपुर तहसील में अव्यवस्थाओं का अंबार

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** तहसील प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। लेकिन तहसील प्रशासन इन समस्याओं पर अनजान बना हुआ है। जलालपुर तहसील करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई है और जिसमें तमाम व्यवस्थाएं संचालित है। लेकिन तहसील प्रशासन की अनदेखी के चलते यहां पर तमाम समस्याएं व्याप्त हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। बता दें कि जलालपुर तहसील में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग किसी न किसी काम से आते-जाते हैं। लेकिन तहसील परिसर में लोगों के लिए न तो पीने की समुचित व्यवस्था है और न ही शौचालय की सुविधा है। तहसील परिसर में शौचालय तो बना हुआ है लेकिन वह अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। जिसमें हमेशा ताला लगा रहता है और गंदगी का अंबार है। तहसील परिसर में बने पेशाब घर में साफ -सफाई नहीं होने के चलते यहां पर पेशाब करना आसान नहीं रहता है। लेखपाल कक्ष के सामने बरसों पूर्व लगा हैंडपंप खराब पड़ा हुआ है, लेकिन उस पर भी तहसील प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है। इस तरीके से तहसील परिसर विभिन्न समस्याओं से ग्रसित है।




महिला हेल्प डेस्क पर नदारद कर्मचारी।



शौचालय में लटक रहा ताला।

### महिला हेल्प डेस्क सिर्फ दिखावा

तहसील परिसर में जगह–जगह दीवारों पर पान के छीटे भी दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं तहसील परिसर में बना महिला हेल्प डेक्स भी मात्र दिखावा बन कर रह गया है, जिसमें कभी भी कोई कर्मचारी नहीं बैठता है। जिससे नारी शशक्तिकरण की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं तहसील परिसर में अव्यव्स्थाओं को लेकर जब उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम
**Union Bank of India** A Government of India Undertaking

**मेगा ई–नीलामी बिक्री सूचना**
(सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या–224001 ई–मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [ नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें ]**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **14.03.2024** (समयः प्रातः 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई.नीलामी में "जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई–नीलामी के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** के माध्यम से ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई–नीलामी में वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के द्वारा दिनांक **14.03.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई–नीलामी के आध्यम से बेबसाइट : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp नीलामी की तिथि व समय – 14.03.2024
समय : प्रातः 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई–नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले

| 1. उधारकर्ता का नाम<br>2. जमानतकर्ता का नाम<br>3. शाखा | अचल सम्पत्ति का विवरण<br>बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) सरफेसी नियम 2002<br>ब) कब्जा की तिथि<br>स) बकाया राशि<br>द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | अ) आरक्षित मूल्य<br>ब) धरोहर धनराशि<br>स) वृद्धिशील बिड धनराशि<br>द) प्राधिकृत अधिकारी |
|---|---|---|---|
| **शाखा : रायबरेली मुख्य शाखा (30240)** | | | |
| **उधारकर्ता : मैसर्स सम्राट इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मोबाइल्स**, अइपरगंज, निकट घंटा घर चौराहा, रायबरेली, प्रो श्री रितेश कुमार रस्तोगी पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद, 113, माल खाना, कैपरगंज, रायबरेली, उ.प्र.–229001, **जमानतकर्ताः (1) श्री जगन्नाथ प्रसाद** पुत्र श्री महावीर प्रसाद, 113, माल खाना कैपरगंज, रायबरेली उ.प्र–229001 **(2) श्रीमती कृष्णा रस्तोगी** पत्नी श्री जगन्नाथ प्रसाद रस्तोगी 113 मालखाना, कैपरगंज, रायबरेली,उ.प्र.–229001 | बेची जाने वाली अचल सुरक्षित संपत्तियों का विवरण– नजूल प्लॉट नं. 131, ग्राम–अख्तियारपुर, सम्राट होटल, परगना, तहसील–रायबरेली, उ.प्र.,जो कि श्री जगनाथ प्रसाद और श्रीमती कृष्णा देवी सोनार के नाम पर है, माप क्षेत्रफल –265.60 वर्गमीटर। **चौहद्दीः** उत्तर–नाला, दक्षिण–रोड रेलवे स्टेशन, पूर्व–जाविर का घर और रामजी मिश्रा की दुकान, पश्चिम–ओवर ब्रिज से रतापुर की सड़क। | अ) 17.08.2023<br>ब) 24.11.2023<br>स) रू. 62,79,216.28<br>दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क | अ)रू. 01,75,97,000.00<br>ब)रू. 17,59,700.00<br>स)रू. 1,75,970.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| **उधारकर्ता : मेसर्स श्री राधे गोविंदा बेकर्स**, प्रो. श्रीमती सोनिया रस्तोगी, पता–सम्राट बिल्डिंग डबल फाटक, रेलवे स्टेशन के पास, रायबरेली–229001 **जमानतकर्ताः (1) श्री मनीष कुमार रस्तोगी**, पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद रस्तोगी, 113, माल खाना कैपरगंज, रायबरेली, उ.प्र.–229001 **(2) श्री अनूप कुमार मुखर्जी**, पुत्र श्री निर्मल कुमार मुखर्जी, 309, प्रकाश नगर, कैनाल रोड, रायबरेली, उ.प्र.–229001 | बेची जाने वाली अचल सुरक्षित संपत्तियों का विवरण– गाटा संख्या 267, ग्राम टांडा, गंगागंज, रायबरेली, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 890 वर्ग है। जोकि संपत्ति श्री मनीष कुमार रस्तोगी के नाम पर है विलेख के अनुसार संपत्ति की **चौहद्दीः** उत्तर–सह खातेदार पूर्णमासी का खेत, दक्षिण–दयाराम का खेत, पूर्व–ग्राम सभा लिंक रोड पूरे हंसा पश्चिम–विश्वनाथ का खेत | अ) 17.08.2023<br>ब) 24.11.2023<br>स) रू. 58,66,097.58<br>दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क | अ)रू. 42,35,000.00<br>ब)रू. 04.23.500.00<br>स)रू. 42,350.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| **शाखा- बछरांवा, रायबरेली** | | | |
| **उधारकर्ताः मैसर्स कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स,** श्री हरीश सोनकर (प्रो ) महराजगंज रोड, बछरावां, रायबरेली उ.प्र. –229301 **श्री हरीश कुमार सोनकर** पुत्र श्री जगन्नाथ, निवासी मोहल्ला किला, वार्ड नंबर 1, नगर पंचायत बछरावां, परगना बछरावां, तहसील महाराजगंज, जिला. रायबरेली | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित प्लॉट संख्या 3208, ग्रा.–बछरावां, परगना–बछरावां, तहसील– महराजगंज एवं जिला–रायबरेली, उ.प्र. –229301, क्षेत्रफल 92.936 वर्गमीटर, जोकि श्री हरीश कुमार सोनकर पुत्र श्रीजगन्नाथ के नाम पर है, **चौहद्दीः** पूर्व राजमार्ग बछरावां–लालगंज, दक्षिण–सह–किरायेदार हरीश कुमार का शेष भूखंड, पश्चिम– विशाल का खेत, उत्तर– दिलीप कुमार का भूखंड | अ) 05.06.2023<br>ब) 16.12.2023<br>स) रू. 10,20,255.05<br>दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क | अ)रू. 27,40,000.00<br>ब)रू. 02,74,000.00<br>स)रू. 27,400.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |
| **शाखा- रायबरेली, मुख्य शाखा** | | | |
| **उधारकर्ताः मेसर्स श्री लक्ष्मी ट्रेडर्स** पार्टनर श्री जितेंद्र मोहन बाजपेयी और श्रीमती लक्ष्मी बाजपेयी, रतापुर चौराहे के पास, लखनऊ से इलाहाबाद हाईवे, रायबरेली, उ. प्र–229001, **जमानतकर्ताः (1) श्री जीतेन्द्र मोहन बाजपेयी** पुत्र सूर्य प्रसाद बाजपेयी निवासी मकान नंबर1 910 वार्ड नंबर 24, निराला नगर रायबरेली, उ.प्र.–229001, **(2) श्री गिरिराज दीक्षित** पुत्र देवानंद दीक्षित निवासी मकान नंबर 65/3 जगदीश पुरम, त्रिपुला चौराहा रायबरेली, उ.प्र–22900 | बेची जाने वाली अचल सुरक्षित संपत्तियों का विवरणरू गाटा संख्या 282 एमएल मकान संख्या 910 वार्ड 24, ग्राम अहमदपुर नजूल मोहल्ला निराला नगर, परगना एवं तहसील सदर जिला–रायबरेली, उत्तर प्रदेश में स्थित गृह संपत्ति। जोकि श्री जीतेन्द्र मोहन बाजपेयी पुत्र श्री सूर्य प्रसाद बाजपेयी की 190.00 वर्गमीटर भूमि है। **चौहद्दीः** उत्तर–रास्ता, दक्षिण–राम भरोसे सोनी का घर, पूर्व–जगत नारायण द्विवेदी का घर, पश्चिम–रास्ता फिर कृष्ण कुमार मिश्रा | अ) 11.02.2019<br>ब) 06.10.2020<br>स) रू. 40,32,330.88<br>दिनांक 30.04.2021 से ब्याज + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क | अ)रू. 65,42,000.00<br>ब)रू. 06,54,200.00<br>स)रू. 65,420.00<br>द) श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800 |

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई–नीलामी के नियम व शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** हेल्प लाइन ई–मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

**Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 30 दिन की बिक्री सूचना**

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई– नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 11.02.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

## एक नजर

### दबंगों ने युवक को मार-पीटकर किया घायल

**कटरा बाजार, गोंडा :** ग्राम पंचायत लाल पुर निवासी दीप नरायन मिश्र ने बताया कि रविवार को उसके बेटे गुलशन मिश्रा को गांव के शुभम उसे गांव के पास नहर पर बुला ले गया। आरोप है कि जहाँ पर पहले से मौजूद लोगों ने उसके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में लाया गया। दीप नरायन मिश्र ने गांव के चार लोगों के खिलाफ तहरीर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

### महेंद्र प्रताप बने हलधरमऊ के एडीओ पंचायत

**रुपईडीह, गोंडा :** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पद पर ब्लॉक हलधरमऊ के सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह की तैनाती की गई है। ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि यहां के सहायक विकास अधिकारी पंचायत भूदेव सिंह की तैनाती अभी कहीं नहीं की गई है।

### शिक्षक के पिता की उपचार के दौरान मौत

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बालकराम पुरवा के प्रधानाध्यापक धर्मराज मौर्य के पिता की उपचार के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। उनके निधन पर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ल, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय व आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित तिवारी ने दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना जाहिर की है। उनके निधन का समाचार मिलते ही जिले के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई।

# गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बनी काल सड़कों पर लील रहीं लोगों की जिंदगी

## ओवरलोडेड गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों ने चार दिन में ली सात लोगों की जान



बिना रिफ्लेक्टर गन्ना लादकर जा रही ट्राली। अमृत विचार

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**लापरवाही**

- जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों ने सड़क सुरक्षा पर खड़े किए सवाल

**अमृत विचार:** चीनी मिलों के ओवरलोडेड ट्रक और ट्राले राहगीरों के लिए काल बन गए हैं और सड़क पर लोगों की जिंदगी लील रहे हैं। पिछले चार दिनों में इन ट्रैक्टर ट्रालियों ने जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले 7 लोगों की जान ले ली है। आए दिन हो रहे इन हादसों ने परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है। चीनी मिलों के ओवरलोडेड ट्रक और ट्राले बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं और जिम्मेदार अफसर इन पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रहे हैं। हालांकि परिवहन विभाग के अधिकारी लगातार सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलानेऔर वाहन चालकों को जागरुक करने का दावा कर रहे हैं लेकिन उनका दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। ट्रैक्टर ट्रालियों के चलते लगातार हो रहे हादसों ने सरकारी तंत्र पर तो सवाल उठा ही दिया है दुखद यह भी है कि लोग असमय काल के गाल में समाते भी जा रहे हैं।

उधर, इस मामले में एआरटीओ प्रवर्तन शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि जिले में अभियान चलाकर दो हजार से अधिक ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगवाया गया है और वाहन चालकों को लगातार जागरुक भी किया जा रहा है। ओवरलोड मिलने पर उनका चालान भी किया गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों का चालान किया जायेगा।

### केस-एक: ट्रैक्टर-ट्राली ने ली बाइक सवार की जान

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मुराइन पुरवा नरायनपुर कला निवासी रामरूप मौर्या (58) 6 फरवरी की शाम को पयागपुर से अपने घर नरायनपुर कला की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में दुबहा बाजार चौकी क्षेत्र के पयागपुर जाने वाले मार्ग पर झौंनहा गांव के पास गन्ना लदे एक ट्रैक्टर ट्राले ने रामरूप की बाइक में ठोकर मार दी और उसे कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार रामरूप की मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### केस-दो: अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली की ठोकर से युवक की मौत

कौड़िया थाना क्षेत्र के गोपालजोत धर्मपुर निवासी रामनाथ राजपूत (30) साइकिल से दुबहा बाजार से अपने गांव गोपालजोत जा रहा था कि गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी कटरा बाजार भेजा गया जहां चिकित्सकों ने रामनाथ को मृत घोषित कर दिया।

### केस-तीन: बाइक सवार महिला को ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंदा

खरगूपुर थाना क्षेत्र के निधिनगर गांव निवासी बाइक चालक विनोद यादव 5 फरवरी को अपनी मां उर्मिला देवी व बेटी ममता को बाइक से लेकर जा रहा था तभी अचलनगर गांव ते समीप एक गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी। इस हादसे में वह तो बच गया लेकिन उसकी मां उर्मिला देवी की मौत हो गयी थी। जबकि उसकी बेटी ममता घायल है और उसका इलाज चल रहा है।

### केस-चार: गन्ना लदे ट्रक ने बुझा दिया दो घरों का चिराग

4 फरवरी को गन्ना लदे ट्रक ने दो घरों का चिराग बुझा दिया। जिले के खोंडारे थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी शिवलाल पुत्र पलटू राम (29) अपने दोस्त संजय वर्मा पुत्र राम रतन वर्मा निवासी सोनहटी थाना पैकोलिया जनपद बस्ती के साथ रविवार की शाम को बाइक से किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात करीब 12 बजे दोनो बभनान हर्रैया मार्ग से वापस गांव लौट रहे थे। रास्ते में पैकोलिया गांव के समीप गन्ना लादकर सड़क पर खड़े ट्रक को वह कोहरे के चलते वह देख नहीं सके और उनकी बाइक ट्रक से टकरा गयी। इस हादसे में शिव लाल की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए बस्ती जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी।

### केस- पांच: ट्रैक्टर-ट्राली ने बच्चे से मां-भाई को छीना

चार फरवरी को गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली ने एक मासूम बच्ची से उसकी मां और भाई को छीन लिया। इटियाथोक थाना क्षेत्र के सेखुई गांव की रहने वाली 6 साल की प्रियांशी अपनी मां वर्षा (30)व तीन साल का भाई ऋषभ के साथ अपने मामा के घर छजवा जा रही थी। मामा के घर से कुछ ही दूर पर बनगाई चौराहे के समीप एक गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली ने सभी को रौंद डाला। इस हादसे प्रियांशी के मां और भाई की मौत हो गयी जबकि वह अस्पताल में है।

# बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

परसपुर, गोंडा



वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पंचायत स्थित जगन्नाथ प्रसाद राम मनोहर तिवारी इंटर कॉलेज में रविवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में आये इण्टरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया द्वारा दिखाये गये हैरतअंगेज कारनामे को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किये। बच्चों के नृत्य और गीतों की शानदार व मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्रा साक्षी सिंह ने सरस्वती वंदना से किया। तत्पश्चात जादूगर मिस्टर इंडिया ने कार्यक्रम में नोटों की बरसात कर तथा तीन कलर की रूमाल से राष्ट्रीय ध्वज लहरा कर लोगों से खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबन्धक राममनोहर तिवारी द्वारा कार्यक्रम आये लोगों का आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर तुलसी स्मारक इण्टर कालेज के पूर्व प्रवक्ता रामयज्ञ मिश्रा, विद्यालय प्रधानाचार्य सुरेन्द्र बहादुर सिंह, मुख्य नियंता केबी सिंह, त्रिलोकी सिंह, रामसुन्दर पाण्डेय, मुस्तकीम फारूकी, ताज मुहम्मद सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत की भूमि पर हो रहे निर्माण को रोका जाए

**खरगूपुर, गोंडा :** ग्राम पंचायत की भूमि पर हो रहे दीवार के निर्माण को रोके जाने की मांग उप जिलाधिकारी से की गई है। विकास खंड इटियाथोक के ग्राम फरेंदा कानूनगो की प्रधान उमा देवी भवानी प्रसाद आदर्श बाबूराम आदि ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को दिये पत्र में कहा है कि बलरामपुर चीनी मिल ने ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री योजना के तहत बनी सड़क की पटरी काटकर पक्का दीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। रास्ते की भूमि पर दीवार उठाकर नाली को अपने भीतर कर लिया है। जिससे लोगों के आवागमन व जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। पत्र में उक्त निर्माण को रोके जाने की मांग की गई है। बलरामपुर चीनी मिल के डिप्टी मैनेजर संदीप राणा का कहना है कि बलरामपुर चीनी मिल फार्म की जमीन पर बाउंड्री वालों का निर्माण कराया जा रहा है। प्रधान द्वारा एसडीम से शिकायत के बाद निर्माण रोक दिया गया है।

## बोर्ड परीक्षा: 15 फरवरी तक सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएंगीं उत्तर पुस्तिकाएं

**गोंडा कार्यालय:** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाएं 15 फरवरी तक सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग इसे लेकर व्यवस्था बनाने में जुटा है। जिले में अब तक 5.96 लाख उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। अब सिर्फ 28 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का आना शेष रह गया है। वह भी जल्द ही जिले को मिल जायेंगी।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आगामी 22 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा के लिए जिले में कुल 143 स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। इस बार की परीक्षा में कुल 92072 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 51477 व इंटरमीडिएट के 40595 परीक्षार्थी हैं। परीक्षा के लिए जिले को 6.24 लाख उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता है। इनमें हाईस्कूल के लिए 2.60 लाख ए कॉपी व 1.04 लाख बी कॉपी तथा इंटरमीडिएट के लिए 2 लाख ए कॉपी व 60 हजार बी कॉपी मंगायी गयी है।

अब तक करीब 5.96 लाख उत्तर पुस्तिकाएं जिले में पहुंच चुकी है। सिर्फ 28 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का आना शेष रह गया है। उम्मीद है कि वह भी एक दो दिन में आ जायेंगी। इसके बाद इन उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि 15 फरवरी तक सभी उत्तर पुस्तिकाएं केंद्रों पर पहुंची दी जायेगी।

# संगठन की मजबूती को लेकर किया मंथन

गोंडा कार्यालय



पदाधिकारी का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुईं। बैठक में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अर्जुन वर्मा का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। बैठक में मणिपुर से महाराष्ट्र तक चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश में जो 16 फरवरी से 26 फरवरी तक रहना है, में जिले की सम्मानजनक भागीदारी के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को साथ चलने की बात का सर्वसम्मत से समर्थन करने के साथ ही एक बस से सभी साथी साथ चलेंगे तय किया गया। अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष सगीर खान, अनुसूचित जाति जनजाति के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सोनकर, सेवादल अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुभाष पांडे के साथ ही पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष अर्जुन वर्मा ने एक सप्ताह में जिला और ब्लॉक कमेटी का गठन कर संघठन के विस्तार का निर्णय लिया। इसी क्रम में जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक कमेटी के निष्क्रिय लोगों के स्थान पर नए लोगों को जोड़ कर नई कमेटी के गठन के लिए उपाध्यक्ष विनय त्रिपाठी, दिलीप शुक्ला, आमिल अंसारी, वासुदेव शुक्ला के साथ ही महासचिव अरविंद शुक्ला, शाहिद अली कुरेशी, जितेन्द्र तिवारी, इरशाद खान, अविनाश मिश्र, चांद खान, अवधेश दूबे के साथ ही हर ब्लॉक में एक जिला सचिव जिसमें, सलीम कुरैशी, राम जनक वर्मा, जितेश शर्मा, फूल मोहम्मद, तैय्यब चौधरी, को ब्लॉक वार प्रभारी नियुक्त कर एक सप्ताह में पूरे जिले में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में शिव कुमार दुबे, अश्वनी श्रीवास्तव, अबसार अहमद, वसीम सिद्दीकी, मंजूर अहमद, आरिफ अली, मो. सफी, हरीराम वर्मा, राजू सेवादल, नावेद आलम, चंद्र प्रकाश पांडेय, वसी अख्तर वसीम खान, शिवेंद्र शर्मा, तारिक अनीस फारुकी, राम प्रसाद मौर्य, आनंद कुमार, रामदल अब्दुल सलीम सहित मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर में हजारों रुपये की चोरी



मेडिकल स्टोर में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

**मसकनवा, गोंडा:** अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात मसकनवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर के पीछे का दरवाजा तोड़कर नकदी, दवा, चांदी के सामान आदि चुरा ले गए। स्टोर संचालक संजय कुमार ओझा निवासी मिश्रौलिया कानूनगो ने छपिया थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम पांच बजे वह दुकान बंद करके अयोध्या एक निमंत्रण में चले गए थे। वहां से रात को वह वापस घर गए। संजय कुमार ओझा का कहना है कि रविवार को सुबह 10.30 बजे जब वह अपनी दुकान का शटर खोला तो दुकान के पीछे का दरवाजा टूटा पाया। दुकानदार ने घटना की सूचना 112 डायल नंबर पर दिया। दुकान के अंदर सामान अस्त व्यस्त जमीन पर पड़ा था। चोरों ने गल्ले को तोड़कर गल्ले में रखा 10 हजार रूपए नकद, 11 चांदी के श्री यंत्र, गणेश लक्ष्मी की चांदी की मूर्ति सहित दवा आदि मिलाकर कुल तीस हजार रुपए की चोरी की। चोरों ने मेडिकल स्टोर के बगल एक बंद मकान में भी सेंध लगाई है। परिवार के सदस्यों के गुजरात में रहने के कारण घटना की पूरी जानकारी नहीं हो पा रही है।

### पड़ोसी की छत से घर में घुसकर की चोरी

**नवाबगंज, गोंडा :** पड़ोसी के छत से घर में घुस कर चोरी करने का दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने पड़ोसी युवक के खिलाफ चोरी की तहरीर दी है। पुलिस ने चोरी की घटना से इंकार किया है। कस्बे के मनकापुर रोड स्थित सिरसा कालोनी निवासी प्रेम नरायन पांडेय ने बताया कि शनिवार को वह घर में अकेले थे। परिवार सभी लोग बाहर गए हुए थे। शाम करीब सात बजे उनके घर के छत पर लगा। सीसीटीवी कैमरे में जब हरकत दिखाई दी तो वह छत पर गए। तो देखा कि उनके घर के कमरे में रखा फावड़ा, प्लास्टिक टब, तसला, पानी का पाइप, चार बल्व, जिम का सामान, सीसीटीवी का कैमरा चोरी हो गया है। उन्होंने जब सीसीटीवी फुटेज देखा तो उसमें बगल के हेमंत शुक्ला घर के अंदर से छोटा जनरेटर उठा कर ले जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि दोनों परिवारों के आपसी रंजिश का मामला है। जनरेटर घर के पीछे रख दिया गया था।





मनकापुर तहसील में अनशन पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

### एसडीएम के खिलाफ वकीलों का अनशन जारी

**मनकापुर, गोंडा :** उप जिलाधिकारी के स्थानान्तरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन साप्ताहिक अवकाश के बावजूद चौथे दिन रविवार को भी चलता रहा। बार एसोसिएशन समिति के नामित अध्यक्ष श्याम लाल शुक्ल ने बताया कि उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना के स्थानान्तरण को लेकर क्रमिक अनशन के बाद आन्दोलन को और आक्रामक करने की तैयारी की जा रही है। आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा द्वारा एक सप्ताह का समय लिया गया था जो पूरा हो गया है। आंदोलन को विस्तार करते हुए जिला अधिवक्ता संघ गोंडा व तहसील बार एसोसिएशन तरबगंज व कर्नलगंज से समर्थन की अपील पर सोमवार को जिला मुख्यालय पर सभी संघों के पदाधिकारी बैठक कर आगामी रणनीति का खाका तैयार करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता राजकुमार मिश्र, लाल चंद्र शुक्ल, मो समीम हाशमी, भानु प्रताप मिश्र, श्रवण कुमार शुक्ल, विवेक शर्मा, बब्बू धर, राम शंकर मिश्र, सतीश चन्द्र, दिनेश कुमार पांडेय, निरंकार शुक्ल, शिवकुमार कौशल, मनोज कुमार सिंह, रणंजय पाठक आदि रहे।

# अभिलेख जमा करने के बाद भी सिलेंडर नहीं

## उज्ज्वला योजना: शिकायत पर डीएसओ ने गैस एजेंसी प्रबंधक से मांगा जवाब

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में जिले में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है। गैस एजेंसियों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

बभनजोत ब्लाक के कई उपभोक्ताओं ने शिकायत किया है कि उज्जवला योजना के लिए अभिलेख जमा किया गया। लेकिन उन लोगों को सिलेंडर आदि सामान अभी तक नहीं मिल पाया है। जिला पूर्ति अधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित गैस एजेंसी संचालकों से 3 दिन के अंदर जवाब मांगा है। जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में अभी भी गड़बड़ी मिल रही है।

आवेदन के बाद भी उपभोक्ताओं को सालों भी जाने के बाद सिलेंडर, रेगुलेटर, पाइप, गैस पासबुक, वाउचर आदि नहीं मिल पाया है। आवेदक बार-बार गैस एजेंसियों का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन गैस एजेंसी संचालक उनको केवल आश्वासन की घुट्टी पिलाकर वापस कर दे रहे हैं। विकासखंड बभनजोत के सीता राम पुर ग्रांट रजाई भारी में स्थित निक्की इंडियन गैस सर्विस के खिलाफ कई लोगों ने शिकायत की है कि उन लोगों को जरूरी अभिलेख जमा करने के बाद भी उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर नहीं मिल पाया है। जब वे लोग एजेंसी पर जाते हैं तो उनको वहां से भगा दिया जाता है। शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी ने गैस एजेंसी के प्रबंधक से जवाब मांगा है।

बभनजोत के तेंदुआ रानी की रहने वाली रोली, भूट्न, अनीता, शाहजहां, शोभावती, सुंदरी, कृष्णावती, करीम सहित अन्य लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। जिला पूर्ति अधिकारी की ओर से पहले भी संबंधित गैस एजेंसी को पत्र भेज कर जवाब मांगा गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। एजेंसी द्वारा मनमानी का आलम यह है कि वह अफसर की भी नहीं सुन रहे हैं। अब पूर्ति विभाग की ओर से दोबारा पत्र भेज कर 3 दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। चेतावनी भी दी गई है यदि जवाब नहीं आता है तो कार्रवाई भी की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि बभनजोत ब्लॉक स्थित निक्की इंडियन गैस सर्विस पर कई लोगों ने कागजात जमा होने के बाद भी सिलेंडर रेगुलेटर पाइप न दिए जाने की शिकायत की है। पूर्व में भी जवाब मांगा गया था लेकिन अभी तक कोई जवाब में नहीं आया है । दोबारा पत्र भेजा गया है यदि जबाब नहीं मिलेगा तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र के चकई पुरवा बनगाई में बीते 5 दिसंबर को हुई मारपीट की घटना में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कौड़िया पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के चकई पुरवा बनगाई गांव में 5 दिसंबर को छुट्टा जानवर हांकने को लेकर मुरलीधर व राजकुमार उर्फ निरहू के बीच मारपीट हो गयी थी। इस घटना में राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।

इस मामले में मृतक के पिता राम जागे ने मुरलीधर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि रविवार को उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल विनोद पाण्डेय व कांस्टेबल आदित्य यादव व लवकुश मौर्या की टीम ने आरोपी मुरलीधर को आर्यनगर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

**लापरवाही** कई स्थानों पर सिर को छू रहे हैं पोल पर लगे तार, कई जगह टेढ़े हो चुके हैं खंभे, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# बिजली विभाग की बदइंतजामी से जोखिम में जान

गोंडा कार्यालय



घर की दीवार से टिका पोल। अमृत विचार



पोल के बीच सिर तक झूलती केबल।



पोल में उलझा केबल।

**अमृत विचार:** शहर मे एक तरफ विद्युत चोरी पर काफी हद तक नियंत्रण बढ़ा है, लोगों की समय पर बिल भुगतान करने की आदत भी बढ़ी है, लेकिन दूसरी तरफ बिजली विभाग की कार्यशैली अब तक नहीं बदली है। खंभों पर सिर की ऊंचाई तक केबल झूल रहे हैं। खंभे इस कदर झुके हैं कि लगता है अब गिरे की तब गिरे। जगह-जगह खंभों पर तार ऐसे उलझे हुए हैं कि विभाग का लाइन मैन भी घंटों माथापच्ची के बाद ही फॉल्ट ढूंढ पाता है।

मालवीय नगर वार्ड में खंभों की दुर्दशा के चलते भारी अव्यवस्था है। पैदल चलने वालों को भी इधर से सर झुकाकर निकलना पड़ता है। मनोहर बलेचा के घर के पास सड़क तो चौड़ी है, लेकिन तार ले झूलते जाल के चलते दुपहिया लेकर पार जाना आसान नहीं रहा. जबकि इसी रास्ते पर आगे सावन कृपाल रूहानी मिशन जाने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं का यह मुख्य रास्ता है। इतना ही नहीं आगे एक सिलाई-कटाई ट्रेनिंग स्कूल भी है जिसके सैकड़ों ट्रेनी रोजाना इधर से ही गुज़रते हैं।

**यहां वर्षों से दीवार पर टिका है पोल:** मालवीय नगर स्थित सावन कृपाल रूहानी मिशन के ठीक बगल वाले मकान की दीवार पर हर बारिश के बाद करंट उतरता है। वज़ह बरसों से इसकी दीवार से टिका खड़ खंभा है। मकान मालिक अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि जेई से एक्सियन तक कई बार लिखित और मौखिक गुजारिश की जा चुकी है लेकिन कोई पुरसाहाल नहीं है। अनिल कालानी बताते हैं कि सालभर पहले विभाग की टीम ने बाकायदा सर्वे कराया था और दो खंभे भी मंगवा कर रखे थे, लेकिन फिर आगे से अब तक सब कुछ ठप पड़ा है। जगदीश रायतानी का कहना है कि जब लोग समय पर बिल चुका रहे हैं और हर प्रकार का सहयोग भी करने को तैयार हैं तो फिर विभाग आगे क्यों नहीं बढ़ रहा है। उधर, इस मामले में अधिशासी अभियंता राधेश्याम भास्कर ने बताया कि इस दिशा मे काम चल रहा है। शहर में कुछ स्थानों पर जहां ऐसी दिक्कतें हैं उन्हें चिन्हित किया जा रहा है।

# विद्यालय को बेहतर बनाने पर जोर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनपदीय इकाई की एक बैठक रविवार को स्थानीय चौधरी चरण सिंह फील्ड हॉस्टल के मीटिंग हाल में कर्तव्य बोध दिवस का कार्यक्रम मनाया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र तथा संचालन जिला महामंत्री अवधेश सिंह ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र मिश्र"सूर्य" तथा मुख्य वक्ता के रूप में संगठन के मंडल महामन्त्री गजाधर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए सुरेन्द्र मिश्र"सूर्य"ने कहा कि जीवन धर्म ही कर्तव्य है । कर्तव्य एक बहुआयामी और व्यापक शब्द है। इसे अंग्रेजी के डियूटी शब्द तक सीमित नहीं किया जा सकता। नैतिक मूल्यों से मजबूत हुए बिना कर्तव्य बोध नहीं हो सकता है। एक शिक्षक का कर्तव्य केवल अक्षर ज्ञान देने तक सीमित नहीं है। उसकी जिम्मेदारी एक प्रतिभा सम्पन्न नागरिक के निर्माण की है। इसलिए शिक्षक को कानूनी व तकनीकी जटिलताओं मे नहीं फंसना चाहिए। सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि वह शिक्षकों के कर्तव्य पालन मे सहयोगी बने। मुख्य वक्ता मंडल महामंत्री ने अपने कर्तव्यों का पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सभी संगठनों से अलग संगठन है, इसमें केवल अपने अधिकारों पर ही नहीं कर्तव्यों पर जोर दिया जाता हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपने विद्यालय को सबसे बेहतर बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार श्रीवास्तव, जिलामंत्री गुलाम नवी व अनुपम मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी आनन्द प्रताप सिंह ,जिलाध्यक्ष महिला संवर्ग सुनीता गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष परसपुर संदीप कुमार सिंह, लकटरा दीपक श्रीवास्तव, हलधरमऊ अभयजीत सिंह, इटियाथोक डॉ रामराज, मुजेहना राहुल वर्मा, बभनजोत ललित मिश्र, मंत्री पड़री कृपाल राकेश कुमार शुक्ला, इटियाथोक अभय प्रताप सिंह, कटरा आशीष द्विवेदी ,कृष्ण कुमार गुप्ता, नीरज शर्मा, मुर्तजा हसन, विक्रम सिंह, शारदा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सौतेला पिता ही बेटी को ले जा रहा था नेपाल, एसएसबी ने पकड़ा

**मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार:** मोतीपुर थाना क्षेत्र के जोगनिया गांव निवासी एक ग्रामीण गलत नजर के तहत अपनी सौतेली बेटी को नेपाल लेकर जा रहा था। एसएसबी जवानों ने बालिका के बयान के आधार पर उसे और महिला को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवान रात में पेट्रोलिंग कर रहे थे कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला ने बताया कि चित्रहवा बाजार में पेट्रोलिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल की टीम को एक महिला और पुरुष एक नाबालिग को नेपाल ले जाते दिखाई दिए। रोकर तलाश पूछताछ की गई तो सभी ने जवाब देने में आनाकानी की। इस पर देहात संस्था को सूचना देकर निर्मला शाह की टीम ने मौके पर पहुंच की जांच की। पूछताछ में 12 वर्षीय बालिका ने बताया कि वह निधिपुरवा गांव की निवासी है। जोगिनिया गांव निवासी उसके सौतेले चाचा गोविंद मांगता उस पर गलत नजर रखते हैं जिसके चलते वह राजकुमारी के साथ उसे गलत नियत के चलते नेपाल ले जा रहे थे। जिस पर सशस्त्र बल के जवानों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसे मानव तस्करी बताया प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर दद्दन सिंह ने बताया कि एसएसबी की ओर से बालिका को बरामद किया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज की जायेगी।

# स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहा है एनएमओ

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र सेवा की भावना से नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में चतुर्थ श्री गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत नगर के गेंदघर मैदान में विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल ने दीप प्रज्वलन कर किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ,किंग जॉर्ज चिकित्सा विद्यालय सहित 58 से अधिक चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सक एवं चिकित्सा छात्र शामिल रहे मेगा स्वास्थ्य शिविर में 7500 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।




शहर के गेंदघर में मंत्री का स्वागत करते पदाधिकारी और मौजूद विधान परिषद सदस्य और अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग सतीश चंद्र शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने किया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह ,अध्यक्ष मेयो मेडिकल कॉलेज डॉ मधुलिका सिंह, अध्यक्ष बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट आनंद शेखर सिंह,अध्यक्ष नर्सिंग होम संगठन डॉ अनूप अग्रवाल, सीएमओ डॉ राजेश गौतम रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के साथ राष्ट्र सेवा के उद्देश्य को लेकर नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन का गठन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में हुआ था और आज यह संगठन स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में गरीब कल्याण के उद्देश्य से समाज के अंतिम पायदान के लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराकर अनुकरणीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 6 सीमावर्ती जनपदों के लगभग 120 स्थान पर नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के तत्वधान में चिकित्सा शिविर लगाया गया और इस चिकित्सा शिविर के माध्यम से,एक लाख बीस हजार से अधिक मरीजों का इलाज किया गया।गेंद घर मैदान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजो के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 60 स्टॉल बनाए गए , जिनमें जनरल फिजिशियन, जनरल सर्जरी, न्यूरो सर्जरी महिला रोग विशेषज्ञ नाक कान गला रोग विशेषज्ञ ,दन्त रोग विशेषज्ञ ,हड्डी रोग विशेषज्ञ, आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथी आयुष सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा मरीजो का परीक्षण कर दवाईयो का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ कपिल देव शर्मा, डॉ अभिषेक पांडे, डॉ पुष्पेश मिश्रा, डॉ पार्थिवी, डॉ पंकज वर्मा, डॉ एके तिवारी, डॉ एस के वर्मा ,डॉ मनीष वर्मा, डॉ अभिषेक वर्मा, डॉ पूजा, डॉ संदीप, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन बहराइच के संरक्षक डॉ जे एन मिश्रा, डॉ महेश अग्रवाल, डॉ राजेश चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष डॉ सारिका साहू, सचिव डॉ विकास मिश्रा ,उपाध्यक्ष डॉ रामेंद्र त्रिपाठी, डॉ राजेश चतुर्वेदी, डॉ मोहित अग्रवाल, डॉ अरविंद शुक्ला, डॉ बृजेश शुक्ला, डॉ अरविंद कुमार, डॉ अमिताभ मिश्रा ,सह सचिव डॉ मनीष, डॉ सोमनाथ मौर्य , डॉ डीके वर्मा, डॉ पुनीत मेहता, अनूप मेटवा डॉ सौरभ अग्रहरि, डॉ एसपी सिंह आदि ने स्वास्थ्य शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती, विश्व हिंदू परिषद, एकल अभियान, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आदि सहित समवैचारिक संगठनों का सहयोग रहा।

# जूते की दुकान में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

## दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के सिविल लाइन में स्थित जूता की दुकान में रात 11 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। सीसीटीवी फुटेज में आग देख लोग मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग को सूचना दी गई। लेकिन जब तक आग बुझाया जाता, तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई।



आग लगने से जल रही दुकान। अमृत विचार

कोतवाली देहात इलाके के इंदिरा स्टेडियम के निकट देर रात जूते की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। भीषण आग से दुकान जलकर राख हो गई। वहीं उसमें रखा लाखों का माल भी जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के तीन वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग से लाखों के नुकसान ही आशंका जताई जा रही है। दुकान संचालक अंसार अहमद का कहना है कि वह दुकान बंद खाना खाकर दुकान से निकले थे कि कुछ वक्त बाद उन्हें सूचना मिलती है कि उनकी दुकान में आग लग गई उनका कहना है। तकरीबन 15 लाख का माल जलकर राख हो गया है। हालांकि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जगह नानी की सूचना नहीं प्राप्त हुई है। इस संबंध में फायर सर्विस चालक सरफराज हसन खान ने बताया कि घटना की सूचना पककर तत्काल मौके पर हमारी टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया है। इस आग पर काबू पाने के लिए तीन वाहन आठ सदस्य फायर टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया है। इस हादसे में किसी भी प्रकार के जनहानि नहीं हुई है। आग अगल-बगल मकानों में फैले उससे पहले आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के बाद क्षति का आंकलन निकाला जाएगा। आग की सूचना पाकर मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया समेत भारी पुलिस फोर्स वे मौके पर पहुंची और आवा गमन रुकवाया गया। आग पर काबू पाए जाने के बाद ट्रैफिक व्यवस्था बाहर की गई। किराए के मकान में संचालित है दुकान।

# 2.74 लाख रुपये भारतीय के साथ दो नेपाली गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार:** भारत नेपाल सीमा पर नेपाल से 2.74 लाख रूपये नकदी लेकर आ रहे दो नेपाली नागरिकों एसएसबी जवानों ने पकड़ लिया। भारतीय रूपये जब्त करने के बाद दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा के लिए एसएसबी जवान तैनात हैं। एसएसबी 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा के कमांडेंट कैलाश चन्द्र रमोला ने बताया कि शनिवार रात को निरीक्षक गौतम शर्मा सहायक कमांडेंट एवं अन्य कार्मिको के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 663/1 के पास से दो संदिग्ध व्यक्ति नेपाल से भारत आते हुए दिखाई दिए। टीम के दल द्वारा दोनों व्यक्तियों को रोक कर चेकिंग किया गया तो दोनों अभियुक्त के पास से एक काले रंग का बैग में भारतीय मुद्रा कुल 2,74000 रूपये मिला। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर अपना नाम वीरेंदर हमल पुत्र करनजीत हमल निवासी ग्राम कालीकोट, पोस्ट- कहरदेव, जिला – कालीकोट नेपाल और दूसरे ने अपना नाम सुरेन्द्र बाम पुत्र जोश सिंह बाम निवासी ग्राम राडू, पोस्ट थाना भीरपुर, जिला – कालीकोट के रूप में हुई है। पकड़े गए अभियुक्तों एवं भारतीय मुद्रा कुल 2,74000/- की जब्ती का रिपोर्ट बनाकर सीमा शुल्क कार्यालय मिहीपुरवा को सुपुर्द कर दिया गया है। कमांडेंट ने बताया कि अभियुक्तों को मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। नेपाल पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। जांच के बाद केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

## 75 मामलों में तीन का हुआ सुलह-समझौता

**बहराइच।** परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग की गई। 03 परिवारों को बिखरने से बचाते हुए उन्हें विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केन्द्र पर रविवार को काउंसलिंग का आयोजन हुआ। काउंसलर फहीम किदवई, डीपी सिंह, सरजीत सिंह, अजय शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला सिपाही उर्मिला सिंह, सविता मिश्रा, गिरिजावती, छाया द्विवेदी, किरन दूबे व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलह–समझौते का प्रयास किया गया। महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुन: जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महिला थाना प्रभारी ने बताया काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं। जिनमें पति–पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते हैं। पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं।

# बकरी बाजार मार्ग पर भरा पानी, लोगों को परेशानी

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा में बकरी बाजार जाने वाले मार्ग पर काफी पानी भरा हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की। नगर पालिका अध्यक्ष को भी पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मोहल्ले के लोग जलभराव के बीच आवागमन करने को विवश हैं।

नगर पालिका परिषद बहराइच के मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा वार्ड नंबर 28 में धर्मशाला स्थित है। धर्मशाला के पीछे से छोटी तकिया मोहल्ले में मार्ग गया है। इस मार्ग को बकरी बाजार के नाम से जाना जाता है। मार्ग पर लोगों के घरों का गंदा पानी भरा हुआ है। मोहल्ला निवासी योगेंद्र भूषण श्रीवास्तव और रवि श्रीवास्तव ने नगर पालिका अध्यक्ष के साथ अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र भेजा था। लेकिन शिकायती पत्र भेजने के एक माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। योगेंद्र भूषण श्रीवास्तव का कहना है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गई थी। लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों ने बिना कार्य के ही शिकायत का निस्तारण दिखाकर रिपोर्ट लगा दी है। जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है। मोहल्ला निवासी अरुण कुमार मिश्रा, राकेश रस्तोगी, सुनीता समेत अन्य ने जल निकासी के उपाय करवाने की मांग की है।



सड़क पर पानी बहने से आवागमन हुआ प्रभावित। अमृत विचार

## 3 वर्ष के बालक को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**रिसिया, बहराइच :** परिजनों से बिछड़ गए तीन वर्षीय बच्चे को गोद में लेकर एक पुलिस कर्मी ने परिजनों को ढूंढ निकाला,और परिजनों को सौंप दिया,जिससे उस आरक्षी की क्षेत्र में सराहना हो रही है। रिसिया कस्बे में बाजार में खरीद दारी करते समय रविवार की सुबह 11बजे एक तीन वर्षीय बच्चा अपने परिजनों से बिछड़ गया,जिसकी जानकारी क्षेत्र के आरक्षी दीपक यादव को हुई,तो उन्होंने बच्चे को गोद में लेकर परिजनों को अथक प्रयास कर ढूंढ निकाला।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय विशुनापुर बनकट का किया निरीक्षण




**श्रावस्ती अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने शनिवार को विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय विशुनापुर बनकट का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र–छात्राओं की उपस्थिति की जांच किया तथा प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र–छात्राओं की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देकर शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने छात्र–छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच किया। उन्होंने छात्र–छात्राओं से गणित विषय के प्रश्न भी पूछे तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए उन्हें प्रेरित भी किया। जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में किचन, पेयजल, साफ–सफाई, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपील किया है कि अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजे, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल सहित विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष के मकान की रेकी कर फरार हुआ अज्ञात

**बहराइच, अमृत विचार :** किसान डिग्री कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और केरल के राज्यपाल के नजदीकी के घर में दिन में अज्ञात व्यक्ति पहुंच गया। उसने मकान की फोटो कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। किसान पीजी कालेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष राज सिंह मोहल्ला सूफीपुरा में रहते हैं। उन्होंने कोतवाली देहात में तहरीर देते हुए कहा है कि 10 फरवरी को शाम को 3 :10 बजे मोटर साइकिल से एक सन्दिग्ध व्यक्ति आया। वह बाइक से उतरा और कई एंगल से घर की फोटो खींची। इसके बाद वह फरार हो गया। राज सिंह का कहना है कि फोटो खींचने की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। मोबाइल से फोटो खींचने के बाद वह मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। केरल प्रदेश के राज्यपाल आरिफ मो0 खान के निकटवर्ती राज सिंह ने साजिश की आशंका जताते हुए कहा कि व्यकित सन्दिग्ध लग रहा है। किसी अनहोनी घटना का भय है। कोतवाली प्रभारी से कारवाई किये जाने की मांग की है। मालूम कि पेशे से ठेकेदार राज सिंह पर आठ वर्ष पूर्व कुछ लोगों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया था।

# पुलिस कार्यालय में मासिक सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी का आयोजन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय के सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थाना/शाखा से आए हुए पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर के लिये समस्त थाना प्रभारियों के साथ-साथ प्रतिसार निरीक्षक को भी निर्देशित किया कि सभी पुलिस कर्मचारियों के लिये बने आवासीय परिसर/बैरकों पर विशेष रूप से साफ-सफाई, बिजली-पानी की उचित व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन आदि की विशेष व्यवस्था करें। आगामी दिने में होने वाले त्योहारों को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने तथा होने वाले लोकसभा चुनाव मे सभी अधिकारी कर्मचारियों से एक्टिव रहकर पोलिंग सेंटर/बूथ का निरीक्षण करने के आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही साथ पुलिस महानिदेशक की प्राथमिकता आपरेशन त्रिनेत्र को गम्भीरता से लेने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने जनपद की अपराध समीक्षा की,अपराध समीक्षा के दौरान लम्बित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण व विवेचनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करने, वांछित एवं वारण्टियों के गिरफ्तारी के निर्देश दिये विशेषकर गैगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु भी निर्देशित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी इकौना सन्तोष कुमार, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी यातायात संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-340

**बाएं से दाएं**

2.1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5.1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार–पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल–बूटों का उभार।


**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3.1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4.1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6.1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव, विस्तार, प्रसार 2. उतनी लंबाई–चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।




## वर्ग पहेली - 339 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | | | 2 जं |
| प | | | 3 अ | | भ |
| ती | | 4 अ | कृ | प | ण |
| | | | षि | | |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | | 7 डा |
| | रा | | | | ब |
| 8 सं | वा | द | | | र |

## सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

## सुडोकू - 56 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, सोमवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–तृतीया 17 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पूर्व। **ऋतु**–शिशिर।

चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र–पूर्व भाद्रपद 14 .56 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** – आज नौकरी पेशा लोग अपनी जॉब को लेकर थोड़े तनाव में रहेंगे। आपसे अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। बेवजह के मामलों में आपको फंसने से बचना चाहिए। छोटी–छोटी बातों पर गुस्सा न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**वृष** – आज नई जॉब की शुरुआत हो सकती है। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। लवमेट्स प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आप बड़ा प्रयोग करना चाहते हैं। लेकिन उसे करने में आपको कठिनाई महसूस होगी। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। अधिकारी वर्ग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। आप अपने काम को लेकर दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

**कर्क** – आज किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। व्यवसाय में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

**सिंह** – आज सहकर्मियों के साथ झगड़ा हो सकता है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपकी छोटी–छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे।

**कन्या** – आज आपको व्यवसाय में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। आज सुबह से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने मन की इच्छाओं को शेयर करना हितकर होगा।

**तुला** – आज दूसरों की मदद करने से आत्मिक सन्तोष की अनुभूति होगी। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुए काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज किसी नई विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। किन्तु दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** – आज बच्चों की गलत गतिविधियों को नजरअन्दाज न करें। विरोधी आपकी आलोचना करेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम हैं। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**मकर** – आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** – आज आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। शरीर में थकावट और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**मीन** – आज प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुए नुकसान की आज भरपायी हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा ज़ोर पकड़ेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पहचान – दोपहर : 12 .00
राम लखन – शाम : 06 .00

SONY MAX
ब्लैक चोर – सुबह : 09 .00
न तुम जानो न हम – रात : 09 .00

Utsav Gold
मेरी जंग – सुबह : 11 .45
लम्हे – शाम : 06 .15

ZEE CINEMA
अकेले हम अकेले तुम – सुबह : 08 .40
सलामे इश्क – रात : 07 .00

colors CINEPLEX
क्या कहना – दोपहर : 12 .18
चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात–07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बेटी– मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..
बाप – थैंक गॉड... मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..
बेटी – पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, ...जो मम्मी रखकर गई है...
बापबेहोश...

टीचर– तुम पंछी के बारे में सब जानते हो? टप्पू– हां टीचर
टीचर– अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?
टप्पू– मरा हुआ पंछी, दे थप्पड़.... दे थप्पड़.
टप्पू की बात सुनकर टीचर ने उसे भरी क्लास में मुर्गा बना दिया..

## एक नजर

### 19 वाहनों से परिवहन विभाग ने की हजारों की रिकवरी

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के रोडवेज बस अड्डा परिसर में नियम के विरुद्ध अनुबंधित बसों को खड़ा कर दिया गया। इसके चलते 19 बस संचालकों से परिवहन विभाग में एक माह की राशि रिकवरी के निर्देश दिए हैं, इसके सूची भी चस्पा कर दी है। शहर में परिवहन विभाग की ओर से रोडवेज बस अड्डा संचालित है। बस अड्डे से विभिन्न जनपदों के लिए अनुबंधित बसें भी संचालित होती हैं। परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने दो महापूर्व अनुबंधित बसों के लिए दिशा निर्देश जारी किया तो उसमें उनका कहना था कि समय से आधा घंटा पहले ही बस को परिवहन परिसर में लाया जाए। इससे अधिक समय बीतने पर अनुबंधित बस के संचालकों से वसूली की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी अनुबंधित बसों को रोडवेज परिसर में काफी समय तक खड़ा किया जा रहा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य जांच कराई गई तो 19 बस नियम के विपरीत बस अड्डा परिसर में खड़ी मिली। जिस पर इन बस मालिकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

### 14 को पुलिस ने भेजा जेल

**पयागपुर, बहराइच :** क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, दिनकर शुक्ला, राजदेव, विनय कुमार पांडेय, रमेश यादव, योगेश्वर नाथ तिवारी, गुणेश्वर यादव, हे का0 असफाख आलम, रवींद्र मौर्य, रामनाथ यादव की टीम गठित की। रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 14 वारण्टी दीपक गुप्ता पुत्र रामकुमार गुप्ता, रामजी पुत्र सुबरन, रघुनाथ पुत्र दीनानाथ, राजेश यादव पुत्र विक्रम यादव, अंगद यादव पुत्र विक्रम यादव, राजेश कुमार पुत्र विन्देश्वरी, विजय कुमार पुत्र रामसूरत, गया प्रसाद पुत्र कृपाराम मिश्र, ईटू उर्फ अकील अहमद, विजय भान पुत्र तेज नरायन, दादन मिश्रा पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद मिश्रा, संजू पाण्डेय पुत्र राजेश पाण्डेय, मोती राम पुत्र दुखहरन और मुन्नी देवी पत्नी शिवनाथ गौतम को गिरफ्तार किया।

# आरओ व एआरओ की परीक्षा में अनुपस्थित रहे 2365 परीक्षार्थी

- शांतिपूर्ण माहौल में समपन्न हुई दोनों पालियों की परीक्षा
- परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, बहराइच




शहर के महाराज सिंह इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर वापस आते छात्र और कंट्रोल रूम की निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा.) परीक्षा रविवार को सकुशल संपन्न हो गई। दोनों पालियों में 2365 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

जिले के 15 विद्यालयों में रविवार को यूपीपीएससी की ओर सहायक समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आयोजित हुई। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रथम पाली में श्याम लाल इण्टर कालेज पहाड़ा पक्कल कल्पीपारा कालोनी, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल भिन्गा रोड एवं राजकीय इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर सम्पन्न करायी जा रही परीक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र पर स्थापित कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशीलता का स्वयं गहनता से परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक्क मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार मंशानुरूप शुचिता पूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न करायी जाय। परीक्षा के प्रथम पाली में 6497 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4823 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 1674 अनुपस्थित रहे। उधर दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा में 1691 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पाली में कुल 2365 छात्र और छात्राएं परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। इस मौके पर शिव कुमार पाठक, अभयराज पाण्डेय, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की प्रधानाचार्य डा. हेमलता तिवारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट खण्ड शिक्षा अधिकारी तेजवापुर अखिलेश कुमार, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार व स्टेटिक मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार सदर बहराइच सुरेन्द्र कुमार तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### केंद्र के लिए भटकते रहे छात्र

रविवार को जिले के 15 स्कूलों को आरओ और एआरओ परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया था। दूसरे जनपद से आए अभ्यर्थी रिसिया, भिनगा और पयागपुर क्षेत्र मार्ग पर स्थित सेंटर को खोजने के लिए भटकते रहे। कुछ लोगों को देरी के चलते प्रवेश भी नहीं मिली।

# पुलिसिया कार्रवाई न होने से महिला ने एसपी से लगाई गुहार

**बहराइच, अमृत विचार :** दलित महिला की जमीन पर नींव खोद रहे दबंगों का विरोध करने पर मारपीट कर गालिया देते हुए महिला की बुरी तरीके से पिटाई की गई थी। पुलिस को तहरीर देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। जिस पर पीड़िता ने एसपी के दरबार में उपस्थित होकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। मामला थाना रिसिया अन्तर्गत ग्राम निबिया हुसैनपुर का है।

गांव निवासी सुनैनी देवी पत्नी राम सागर ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते 25 दिसम्बर को लगभग 3:30 बजे मेरे घर के बगल की जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग लोग जबरन नींव खोद रहे थे। मना करने पर घर में घुसकर लात घूसों व भाला, बल्लम, बेल्चा से मेरी पिटाई की तथा गंदी-गंदी गालियां भी दी। पिटाई के चलते वह घायल हो गई थी। जिसके बाद अस्पताल में इलाज कराया। मारपीट का वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बावजूद इसके रिसिया पुलिस ने दी गई तहरीर पर दबंगों के विरूद्ध मात्र 151 कर मामले की इतिश्री कर ली। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि शिकायत संज्ञान में लेकर दबंगों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाये। मामले में जब प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया जायेगा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।

# परिवार को बंधक बनाकर डाली डकैती, नकदी-जेवर चोरी कर ले गए

## घर में जगह-जगह पड़े मिले खून के धब्बे, सीओ ने परिवार का दर्ज किया बयान

**वारदात**

- पुलिस पारिवारिक लोगों पर वारदात को अंजाम देने की जता रही आशंका

संवाददाता, बहराइच




परिवार का बयान दर्ज करते सीओ और घर में पड़े खून के धब्बे।। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के भकला गोपालपुर गांव में देर रात को छह से आठ की संख्या में बदमाश पहुंच गए। सभी ने परिवार के लोगों की पिटाई कर बंधक बनाया। इसके बाद घर में लूटपाट की। पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

रामगांव थाना क्षेत्र में भी अपराध बढ़ने लगी हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भकला गोपालपुर के मजरा महरी में छह से आठ की संख्या में रात एक बजे बदमाश पहुंच गए। महिला ननका देवी ने बताया कि बदमाशों ने गांव निवासी पति ननकऊ सिंह के घर में घुसकर परिजनों से मार-पीट शुरू कर दी। इसके बाद सभी एक कमरे में बंद कर दिया। फिर आलमारी तोड़ कर गृहस्थी के साथ नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों के हमले में ननकाऊ सिंह की पत्नी ननका देवी और बेटा भी घायल हुआ है। सुबह घटना की जानकारी थाने में दी गई। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने पुलिस टीम के साथ पहुंच कर जांच की। इसके बाद सीओ महसी अनिल कुमार सिंह ने गांव पहुंचकर जांच की। सीओ ने घायल महिला और परिवार के अन्य लोगों का बयान दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि केस दर्ज कर किया जा रहा है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा का कहना है कि चोरी हुई है। रिश्तेदार ने ही चोरी की है।

### परिवार की संलिप्तता

जिस ग्रामीण के यहां घटना हुई है। उसकी पत्नी आठ माह से मायके में है। बच्चे भी पति के पास है। ऐसे में शुरुआती जांच में उधर से ही घटना को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। फिलहाल जांच चल रही है।

–अनिल कुमार सिंह सीओ

# डीआईजी के जाते ही लाइन हाजिर हुए फखरपुर थानाध्यक्ष

**बहराइच, अमृत विचार :** डीआईजी की नाराजगी की गाज फखरपुर थानाध्यक्ष के ऊपर गिर गई। एसपी ने थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है। बहराइच में बढ़ रहे अपराध को लेकर डीआईजी देवीपाटन मंडल एपी सिंह ने शनिवार को जिले का दौरा किया था। जिला अस्पताल में भर्ती घायल युवती से हाल जाना। मौजूद लोगों ने फखरपुर थानाध्यक्ष अनुज कुमार त्रिपाठी की लापरवाही की शिकायत की थी। साथ ही कोर्ट में केस चलने और पुलिस की मौजूदगी में खेत की जुताई करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने एक पक्ष से केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दूसरे पक्ष पर भी केस दर्ज किया था। इन सब मामलों को लेकर डीआईजी काफी नाराज हो गए। डीआईजी ने खुले में खराब कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई थी। इसके बाद वह शाम को वापस चले गए। डीआईजी की नाराजगी की गाज फखरपुर थानाध्यक्ष अनुज कुमार त्रिपाठी गिर गया। एसपी ने देर रात को थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर किसी की तैनाती नहीं हुई है।

## सार-संक्षेप

### शिक्षा क्षेत्र में नैतिकता जरूरी: समय प्रसाद



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय शिव शंकर पुरवा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में नौनिहालों के प्रदर्शन को लोगों ने खूब सराहा। पयागपुर विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शिवशंकर पुरवा में रविवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात प्रधान शिक्षक दीनानाथ दीक्षित व प्रतिमा रानी के संयोजन में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ हुवा। बच्चों द्वारा नशा मुक्ति और स्वच्छता पर संस्कृत भाषा में प्रस्तुत नाट्य पर प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र ने कहा कि अंग्रेजी पद्धति पर आधारित शिक्षा नैतिक मूल्यों से भटक गई है, जिससे अपराध बढ़ रहे है, उन्होंने कहा कि मूल्यों पर आधारित शिक्षा ही इसका समाधान है। खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत शोसल मीडिया, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, सहित मनमोहक कार्यक्रमों की जमकर सराहना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों की सराहना की। वार्षिकोत्सव में नन्हे मुंन्हे बच्चों के प्रदर्शन की मौजूद लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को प0 विनय मिश्र, एआरपी राजेश मिश्र व पवन शुक्ल ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर शिक्षक अजय शुक्ल नवल पाठक, राकेश यादव, सेवा निवृत शिक्षक बदलू राम विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान सहसरावा फूलचंद्र, सहित विद्यालय के बच्चे एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में युवक को तमंचे से मारी गोली, लखनऊ रेफर



घायल युवक।

**उर्रा, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के मझरा गांव निवासी युवक पर शनिवार देर शाम को साले बहनोई ने जमीनी विवाद में तमंचे से फायरिंग कर दी। जिससे युवक घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। एसपी ने घटना स्थल का भी निरीक्षण किया है। कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझरा निवासी अनीस पुत्र मोहम्मद शरीफ का जमीनी विवाद गांव निवासी मनीराम से चल रहा है। शनिवार शाम सात बजे के आसपास अनीस गांव से निकल रहा था। पहले से घात लगाए बैठे मनीराम ने अपने साले बाबू राम निवासी नौबना गांव की मदद से घेर लिया। इसके बाद अवैध तमंचा से अनीस पर फायरिंग कर दी। जिससे अनीस गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसएसआई गजेंद्र पांडे के साथ घायल को लखनऊ भेजा गया है। उधर कोतवाल अमितेंद्र कुमार ने घटना की जानकारी एसपी वृंदा शुक्ला को दी। एसपी ने रात में ही घटना स्थल का निरीक्षण किया। कोतवाल ने बताया कि पिता की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। कोतवाल ने बताया कि छर्रे छूकर चले गए हैं। अब इलाज के बाद सेहत में सुधार है।

# सड़क हादसों में युवक की मौत, दो घायल



जिला अस्पताल में भर्ती घायल।

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कैसरगंज, मोतीपुर और मटेरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। हादसे में युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कैसरगंज थाने के सम्भरपुरवा निवासी 20 वर्षीय दुर्गेश पुत्र कैलाश रविवार सुबह कुछ घरेलू सामान खरीद कर पैदल अपने घर वापस आ रहा था। कोनारी डाक बंगले के निकट पेट्रोल पंप के पास लखनऊ की ओर से आ रही एक मारुति कार ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी राजगीरों ने परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि चालक फरार हो गया है। मृतक के पिता की ओर से तहरीर मिली है। फरार चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। उधर मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम समझावन गौडी गांव निवासी नीरज पुत्र राजू बाइक से समान की खरीददारी के लिए जा रहे थे। नानपारा लखमीपुर मार्ग पर गायघाट के निकट बाइक सवार को वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मटेरा थाना क्षेत्र में बहराइच रूपईडीहा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### समरसता भोज में ब्लॉक प्रमुख ने सुनी जन समस्याएं

**बाबागंज, बहराइच :** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत विगत दिवस नगर पंचायत रुपईडीहा के अंतर्गत ग्राम गोकुलपुर में मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समरसता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह रहे। ब्लॉक प्रमुख द्वारा सर्वप्रथम देवी मां का दीपक जलाकर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। व सरकारी योजनाओं का लाभान्वित होने संबंधित जानकारी को बताया। तथा लोगों की जन समस्याएं सुनी और भरोसा दिलाया कि उनकी हर सम्भव मदद की जाएगी। वही ट्रस्ट संचालक व प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह ने कहा कि ब्लॉक सरकार की सभी योजनाओं पर जनता का हक है। यदि कोई भ्रष्टाचार करेगा तो वह बक्सा नही जाएगा। कोई भी आपके हक को छीन नही सकता है। अगर कहीं आपको कोई असुविधा हो रही है। तो हमें अवश्य सूचित करें। इसी अवसर पर ट्रस्ट संचालक द्वारा मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारीयों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। इस दौरान ब्रिज नरेश श्रीवास्तव, राज त्रिपाठी, दुर्गेश वर्मा, छेदा खां सहित क्षेत्रीय संभ्रांत एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा शुरु



कलश यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** भव्य कलश यात्रा के साथ नव दिवसीय श्री राम कथा का रविवार से शुभारंभ हो गया। मेरठ से आए परम पूज्य गुरुदेव मधुकर भैया के मुखार बिंदु से नव दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कलश यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। जरवल विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीबीपुर के बरवालिया में स्थित श्री राम जानकी हनुमान मन्दिर पर आयोजित श्री राम कथा की अमृत वर्षा" मानस मे अयोध्या" की शुरुआत कलश यात्रा के साथ शुरू हो गयी। भव्य कलश यात्रा श्री राम जानकी हनुमान मन्दिर से निकल कर पतित पावनि माँ सरयू तट पहुंची जंहा पर विधिवत पूजन अर्चन के बाद मुख्य यजमान सहित सभी भक्तों ने कलश मे जल भर कर नाचते गाते हुए पुन : श्री राम जानकी हनुमान मन्दिर पहुँचे। जहाँ पर कलश स्थापना के बाद श्री राम कथा की अमृत वर्षा" मानस में अयोध्या " का वाचन संध्या सात बजे से शुरू हो गयी। मुख्य यजमान ने बताया की कथा प्रतिदिन शाम 7 बजे से मध्य रात्रि 11 बजे तक चलेगी। आयोजित श्री राम की पावन कथा मे भगवान जन्म, सीता स्वयंबर, लक्ष्मन परशुराम संवाद, वन गमन, सीता हरण, लंका दहन, रावण अंगद संवाद व रावण वध की कथा का वर्णन होगा सभी भक्तगण सा समय उपस्थित होकर श्री राम की पावन कथा का श्रवण करें व जीवन का उद्धार करे। इस अवसर पर गांव के तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जन्म लेते ही बच्चे की हुई मौत, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

मटेरा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के इटहा में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के बाद इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

शिवपुर ब्लाक क्षेत्र में अवैध मेडिकल क्लीनिक की भरमार है। इस पर अंकुश लगाने में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह विफल है। आए दिन कोई ना कोई घटनाएं देखने को मिल रही हैं। बकैना निवासी भल्लर ने बताया है कि मेरी पुत्री की शादी ग्राम पंचायत इंटहा के मजरा चमारन पुरवा से हुई है उस की डिलीवरी होना थी जिस पर पप्पू की पत्नी को इंटहा चौराहे पर चल रहे अवैध यशदीप पाली क्लीनिक पर ले जाया गया और डिलीवरी के लिए छः हजार रुपए भी जमा कराए गए। यह भी बताया गया कि बच्चा सही सलामत जन्म लेगा उसके बाद बच्चे का जन्म हुआ, लेकिन बच्चा मरा हुआ जन्मा। जिससे परिजनों में भारी आक्रोश रहा। अवैध क्लीनिक चलने की वजह से सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी की संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है। इस मामले में सीएमओ डॉ राजेश गौतम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र मिलने पर जांच के बाद कार्यवाई की जायेगी।

# 55 दिव्यांगजनों को मिली ट्राई साइकिल

**बहराइच :** गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 4.0 के समापन अवसर पर गेंद घर मैदान में आयोजित वृहत चिकित्सा शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाये विभागीय स्टालों का मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग सतीश चन्द्र शर्मा ने सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, विधायक महसी के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह व अन्य गणमान्यजनों तथा अधिकारियों के साथ अवलोकन कर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। विभागीय स्टालों के अवलोकन के दौरान मुख्य अतिथि ने सांसद व अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से 51 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल दी।

# लैब टेस्टिंग के लिए डीएम ने एकत्र कराया नमूना

मिहींपुरवा, बहराइच



लैब टेस्ट के लिए नमूना एकत्र करवातीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जंगल क्षेत्र में हो रहे चैन लिंक फेंसिंग कार्य का डीएम ने निरीक्षण किया। नमूना जांच के लिए एकत्र करवाया।

कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार अन्तर्गत मानव एवं वन्य जीव संघर्ष पर प्रभावी अंकुश तथा वन्य जीवों एवं वन सम्पदा की सुरक्षा हेतु रू. 23 करोड़ से अधिक धनराशि से लगभग 75 किमी लम्बाई के चैन लिंक फेंसिंग कार्य का जिलाधिकारी मोनिका रानी निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण कराया जाय। उल्लेखनीय है कि शनिवार को मिहींपुरवा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम मोनिका रानी ने वन क्षेत्र कतर्नियाघाट में गिरिजापुरी बैराज के निकट निर्माणाधीन चैन लिंक फेंसिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता का जायज़ा लिया तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त किये जा रहे ईंट व मसाले के नमूने को संग्रहीत करवाकर लैब टेस्टिंग के लिए लोक निर्माण विभाग की प्रयोगशाला भिजवाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार, नायब तहसीलदार अर्सलान, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, वन विभाग के अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### पुजारी पर मंदिर के गर्भ गृह को तोड़ने का आरोप



तोड़फोड़ के मामले को लेकर बैठक करते लोग। अमृत विचार

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** नगर के बाबा माधव दास मन्दिर में जन सुमदाय द्वारा बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे विगत शुक्रवार को मंदिर पुजारी द्वारा गर्भ गृह तोड़े जाने व मंदिर पर स्वामित्व दर्शाने पर चर्चा की गई। नगर के लगभग पांच सौ वर्षों पूर्व स्थापित पौराणिक मन्दिर बाबा माधव दास मन्दिर के गर्भ गृह को मन्दिर पुजारी द्वारा तोड़कर उसपर फर्जी वसियत दर्शाते हुए व फर्जी ट्रस्ट बनाकर स्वामित्व दर्शाया गया। जिसपर आस पास के व जन मानस ने विरोध करते हुए थाना समाधान दिवस में शिकायत की थी। रविवार को बैठक में निर्धारित हुआ कि सात सदस्यीय सदस्यो के निर्देशन में मन्दिर पुजारी प्रेम नाथ दीक्षित द्वारा पूर्व की भांति गर्भ गृह को बनवाने साथ मंदिर पर मन्दिर पुजारी का कोई स्वामित्व नही होगा। पुजारी कोई भी कार्य जनमानस से पूछ कर कराएंगे। मन्दिर गर्भ को तोड़े जाने पर उपस्थित सदस्यो के सामने क्षमा मांगी। इस मौके पर अभय मदेशिया, अजय गुप्ता, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश गुप्ता, सन्तोष कुमार पोरवाल, जसवंत कुमार मिश्रा, नागेंद्र सिंह, दिलीप जायसवाल, प्रमोद नाग, आनंद कुमार श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, डॉ शिव कृष्ण गुप्ता, विद्या प्रसाद जायसवाल, राजेश पटवा, वीरेंद्र सिंह, हिमांशु सिंह, विनोद जायसवाल, कृष्ण कुमार गुप्ता, धर्म राज जायसवाल, सहित अन्य मौजूद रहे।

**समस्या** पाइप लाइन खराब होने से बंद है पानी की आपूर्ति, 13 वर्ष पूर्व लाखों की लागत से बनकर तैयार हुई थी पानी की टंकी

# बिना हैंडओवर के ही शुरू कर दी गई पानी की सप्लाई

विनोद शुक्ला, जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार :** गोंडा और बाराबंकी जिले के सीमावर्ती क्षेत्र जनपद बहराइच के शुरुआती छोर पर बसा जरवल रोड क्षेत्र के लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कस्बे के साथ ही ग्राम पंचायत बंभौरा तथा अलीनगर की करीब 20 हजार से अधिक की आबादी पानी को तरस रही है।

जरवल विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बंभौरा में 13 वर्ष पूर्व लाखों की लागत से पानी टंकी बनकर तैयार हुआ था। ग्रामीणों के मुताबिक आंशिक रूप से तीन मजरे में वाटर सप्लाई बहाल कर दिया था, लेकिन पानी टंकी आज भी ग्राम पंचायत को हैंडोवर नहीं किया गया है। करीब 20000 की आबादी शुद्ध पेयजल से प्रभावित है। ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत पानी की टंकी का निर्माण शुरू हुआ था। वर्ष 2012 में टंकी बनकर तैयार हो गई 60 फ़ीसदी पाइपलाइन भी बिछाई गई, लेकिन जरवल रोड बाजार में पेयजल सप्लाई का मेन पाइपलाइन नहीं बिछाया गया है गांव के कुछ मजरों में पाइपलाइन डाल कर ग्राम पंचायत को पानी की सप्लाई ग्रामीण क्षेत्र में काम चलाऊ रूप से जारी है लेकिन जरवल रोड बाजार में अभी तक वाटर सप्लाई की मेन लाइन कहीं भी नहीं बिछाई गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय गोंडा लखनऊ राजमार्ग के निर्माण के चलते मार्ग चोड़ी करण में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, तब से आज तक न तो क्षतिग्रस्त पाइपलाइन ठीक की गई और न ही ग्राम पंचायत अलीनगर और बंभौरा में नए सिरे से पाइपलाइन बिछाई गई।



गांव में बनकर तैयार हुई पानी की टंकी।

### सिर्फ हुई खानापूर्ति



ग्राम पंचायत अलीनगर प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव ने बताया कि गांव के मजरा मिर्जापुर्वा अहिरन पुरवा बढईनपुरवा पांडे पुरवा है। ग्राम पंचायत अलीनगर में भी वाटर सप्लाई पूर्ण रूप से नहीं है। सिर्फ खानापूर्ति की गई है।

### अभी नहीं बिछी पाइप लाइन



जरवल रोड निवासी दवा व्यापारी चंदन दीक्षित ने बताया कि जरवल रोड बाजार, गल्ला मंडी, तूफानी चौराहा, स्टेशन रोड, सब्जी मंडी आदि स्थान पर पानी सप्लाई की लाइन नहीं बिछाई गई है। जिससे ग्रामीण व बाजार वासी दूषित व पीला पानी पी रहे हैं।

### बीमारी की चपेट में आ रहे लोग



दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में पानी टंकी होने के बाद भी दूषित पानी का प्रयोग लोग कर रहे हैं। जिससे काफी लोग दाद खाज खुजली आदि रोगों से परेशान रहते हैं।

### ग्रामीणों की समस्या से परहेज



जरवल रोड बाजार निवासी युवा शेर बहादुर सिंह का कहना है कि सरकार लाखों रुपए खर्च कर गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण करवा रही है लेकिन ग्रामीणों की समस्या से परहेज करते हैं जिसका खामियाजा ग्रामीण स्वयं भुगत रहे हैं। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्च : सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई अपने भाई से कभी द्वेष नहीं करें, बहन अपनी बहन से द्वेष नहीं करें, समान गति से एक दूसरे का आदर–सम्मान करते हुए परस्पर मिल–जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम के मायने

पाकिस्तान में अंततः रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए। अंतिम परिणामों ने लोगों को चौंका दिया है। किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिलीं हैं। पाकिस्तान की असल कमान हमेशा सेना के हाथ में रही है। पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां की सत्ता पर आधे से अधिक समय सेना का कब्जा रहा है। सत्ता में जो भी रहा वह सेना का मोहरा बनकर ही रहा। सेना समय-समय पर अपने फायदे के लिहाज से राजनीतिक मोहरे चुनती आई है। पिछले चुनाव में वह इमरान खान के पीछे खड़ी थी और तब इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बनने में सफल भी हुए। फिर इमरान के साथ अनबन हुई तो विरोधी दलों को एक मंच पर लाकर सेना ने उनकी गठबंधन सरकार गठित करा दी। चुनाव नतीजे संकेत कर रहे हैं कि देश पर सेना की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इस बार भी चुनाव में सेना ने खेल खेला फिर भी अपने इरादों मे सफल नहीं हो सकी। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सेना को नवाज शरीफ का समर्थन करते हुए देखा गया था। परंतु अब जनता सेना के राजनीतिक हस्तक्षेप और पारंपरिक राजनीतिक दलों के रवैये से निराश हो चुकी है। जनता में सेना का डर कम हो गया है। वह अपने पड़ोस में भारत को तरक्की करते हुए और विश्व की एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होते देख रही है। कई विश्लेषक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा में यह कहते हैं कि वह अपने देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

इस समय पाकिस्तान कई समस्याओं से जूझ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसका असर अन्य मोर्चों पर भी पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि तालिबान भी उसे आंखें दिखा रहा है। ईरान ने तो कुछ दिन पहले एक प्रकार का हवाई हमला कर दिया। ऐसे में सरकार किसी की भी बने परंतु उसके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। भारत चाहेगा कि वहां स्थायी सरकार बने। पाकिस्तान को यदि मौजूदा चुनौतियों से निपटना है तो उन सुधारों का सूत्रपात करना होगा, जो उसे आवश्यक स्थायित्व एवं संतुलन प्रदान करने की ओर ले जाएं।

# पानी की समस्या से जूझता बुंदेलखंड



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है।

बुंदेलखंड में एक कहावत है कि 'एक टक सूप -सवा टक मटकी, आग लगे रुखमा ददरी, भौरा तेरा पानी ग़ज़ब करी जाए, गगरी न फूटै, चाहै खसम मर जाय"। अर्थात इस क्षेत्र में पानी इतना दुर्लभ या महत्वपूर्ण है कि महिलाएं बड़ी मुश्किल से मीलों पैदल चलकर पानी भरी गगरी सिर पर रखकर लाती है। ऐसे में महिलाएं आपस में कहती हैं कि कुछ भी हो जाए लेकिन पानी भरी गगरी ना फूटे, भले ही उसका पति मर जाए परंतु पानी बचा रहे। जाहिर है इस क्षेत्र में महिलाएं पानी को अपने खसम यानि पति से भी ज्यादा मूल्यवान समझती हैं, जो उनके परिवार का आधार है। यह बुंदेलखंड में जल संकट के संबंध में बड़ी गंभीरता से सोचने को विवश करता है। यहां गर्मियों में कुएं, तालाब, हैण्डपंप इत्यादि सभी पेयजल स्रोतों का जलस्तर नीचे चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में 55 लीटर पानी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार यहां प्रति व्यक्ति प्रति दिन केवल 29 लीटर पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जो अनुशंसित न्यूनतम मात्रा का लगभग आधा है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के ज्यादातर पुरुष दैनिक मजदूरी या खेतिहर मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं या काम की तलाश में दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों की ओर चले जाते हैं। शेष परिवार महिलाओं के भरोसे रह जाता है जिन्हें इस पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। खाना पकाना, पानी पीना, सफाई करना और कपड़े धोना और यहां तक भैंसों या जानवरों को नहलाने के लिए भी पानी उन्हें ही लाना पड़ता है। अनुमान है कि चित्रकूट जनपद के मानिकपुर क्षेत्र में, जिसे पाठा क्षेत्र भी कहते हैं, लगभग सत्तर प्रतिशत महिलाएं पानी की किल्लत से प्रभावित हैं। पाठा क्षेत्र में लगभग साठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिन गांवों में कोई अपनी बेटियों की शादी नहीं करना चाहता है। कोई भला कैसे चाहेगा कि उनकी बेटियां ऐसे दुष्कर जगहों में जाए।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची–नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

केवल बरसात के महीनों में ही यहां की भूमि संतृप्त हो पाती थी। चन्देल राजाओं ने राज्य की पहाड़ी, पठारी, जंगली, पथरीली, ढालू, रांकड़ भूमि के विकास की योजना सुनिश्चित कर बरसाती धरातलीय जल नीची ढालू भूमि पर, पहाड़ों, टौरियों की पटारों में, खंदकों, खंदियों, दर्रों में, पत्थर मिट्टी के लंबे, चौड़े, ऊंचे सुदृढ़ बांध बनवाकर तालाबों में वर्षा जल को संचित करना शुरू किया। चंदेलों के बाद बुंदेलों ,गौड़ों ,मराठों और अंग्रेजों ने इस जल अभाव ग्रस्त बुन्देलखंड क्षेत्र में कुल मिलाकर 4000 से अधिक तालाबों का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे लोग यहां स्थायी बसने लगे थे। चंदेल राजाओं ने तो गुफा मंदिरों में भी जल कुंड कटवा दिए थे। ऐसे गुफा मंदिरों में पहाड़ों का जल धीरे-धीरे निरंतर झिरता हुआ गुफा कुंडों को भरता रहता रहा है, जिसका उपयोग लोग आदिकाल से करते रहे हैं। इस कारण से यहां मवेशियों, वन्य प्राणियों एवं मनुष्यों को गर्मी की ऋतु में भी जलाभाव नहीं होता था। परन्तु स्वतंत्रता पश्चात अनियंत्रित विकास,निरंतर जनसंख्या वृद्धि पश्चात पानी का खर्च तो बढ़ गया परंतु संरक्षण, संचयन और वर्षा घटती चली गई। भूवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो बुन्देलखंड में भूमि के अन्दर ग्रेनाइट पत्थर की चट्टानें चादर की तरह अथवा आड़ी-तिरछी खड़ी-बिछी पड़ी हुई हैं, जिनमें भूगर्भीय जलस्रोत होते ही नहीं हैं। जल भराव के दबाव में पानी बाहर निकल जाता है और तालाब पानी से खाली हो जाते हैं। असल में पथरीली, पहाड़ी, ढालू भूमि, जल प्रबंधन के लिए कुओं एवं तालाबों के निर्माण तक ही उपयुक्त है, न कि बोरवेल खनन के लिए। बोरवेल 100 से 500 फुट गहराई तक खोदे जा रहे हैं, जिससे धरती के ऊपरी तल का पानी गहरे बोरवेलों में जा पहुंचता है। पठारी नदियों में हर साल बारिश के मौसम में इलाके की छोटी बड़ी नदियां उफान पर आ जाती है। इसका जल संचयन बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते बुंदेलखंड में वर्षा की मात्रा में कमी आ रही है। सन् 2013 से 2018 के बीच, इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अनियंत्रित एवं अवैध खनन के चलते वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाने वाले रास्ते बाधित हो जाते हैं। पथरीली भूमि के कारण बारिश का पानी बह जाता है और भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। वर्ष 2008 की सामरा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 'क्षेत्र में अर्ध-शुष्क जलवायु की स्थिति के कारण कम वर्षा सतही जल उपलब्धता को प्रभावित करती है और कठोर चट्टानी भू-भाग भूजल उपलब्धता को सीमित करता है। बुंदेलखंड क्षेत्र को 18वीं-19वीं शताब्दी मे प्रत्येक 16 वर्ष में बार-बार सूखे का सामना करना पड़ा था, जो 1968 से 1992 की अवधि के दौरान लगभग तीन गुना बढ़ गया है। हालांकि चित्रकूट जनपद के पाठा इलाके में वर्ष 1973 में पाठा पेयजल परियोजना शुरू की गई थी जिसके तहत यहां पानी की टंकियां बनवाई गईं और लोगों को पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया गया था लेकिन जल संकट बरकरार रहा। योजना आयोग की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2009-10 से भारत सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज को लागू करना शुरू किया था। इस पैकेज का उद्देश्य सिंचाई, पेयजल, कृषि, पशुपालन, वन, आजीविका के साधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कर पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करना था। जल-संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंक एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवैल, चेकडैम का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए हैं। बुंदेलखंड पैकेज के तहत उत्तर प्रदेश को साल 2009 से 2019 के बीच तीन चरणों में 3107.87 करोड़ रुपये दिए गए। इसके लगभग 66 प्रतिशत का उपयोग पानी के संकट के समाधान के लिए किया गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश में करीब 92 करोड़ रुपये खर्च कर 2725 हैंडपंप लगाए गए और 12 पाइप योजनाओं के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट को लागू किया गया था। भूजल का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से यहां स्पेशल बुंदेलखंड पैकेज और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए चेकडैम और खेतों में तालाब बनाए गए लेकिन तालाब निर्माण से पूर्व भूजल स्तर, मृदा परीक्षण आदि नहीं किए जाने और वर्षा कम होने के कारण तालाब सूखे रह गए। चेकडैम जल्द टूट जाने से नदियों में गाद भर गया और पानी रुक नहीं पाता है। जून 2020 में 'हर घर जल' योजना प्रारंभ कर बुंदेलखंड के हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। यह योजना केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का हिस्सा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की "हर घर नल और हर नल में जल" योजनासे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी जा रही है। बुंदेलखंड के अधिकतर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी जानी है। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन की वृहद कार्ययोजना को तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के जल संकट को हल करने के लिए इज़राइल सरकार के साथ समझौता किया है।

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है। बुंदेलखंड में कृषि सिंचाई का लगभग 65 प्रतिशत भूजल से किया जा रहा है। अल्प पानी वाले इन क्षेत्रों में दलहन- तिलहन, ज्वार बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में यहां ज्यादा पानी की खपत वाले फसल धान और गेंहू की बुवाई बढ़ गई है। तालाबों में जल संचयन के साथ साथ भूजल रिचार्ज करना ही बेहतर उपाय है। खेती में जल संरक्षण के लिए ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर सिंचाई बेहतर विकल्प है।

## व्यंग्य

# बाबू होता है चुंबक

बाबू वो सम्मान जनक पद है जिस पर प्रायः लड़कियां ही विराजती हैं। बाबू होता है चुंबक। और लड़कों में लौह तत्व की प्रधानता पाई जाती है। ऐसे में किसी कन्या को बाबू मान लेने भर से लड़के ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसी मनोदशा को प्राप्त होते है। दिमाग़ वन वे ट्रैफ़िक हो जाता है। बाबू ने क्या खाया? क्या पहना? कहां है? किससे मिला? क्यों मिला? मुझसे कब मिलेगा? जैसे विचारों से ही संचालित होता है वो। वो बस बाबू के बारे मे सोचता है, और कुछ सोच ही नहीं सकता। सोचता है तो बाबू को पता चल जाता है। बाबू बुरा मान जाता है ऐसे में और फिर बाबू को राजी करना बहुत महंगा सौदा होता है।

भक्त को हमेशा घुटनों पर होना होता है अपने। बाबू क्या करता है ऐसे में? बाबू मजे लेता है उसके। वीआईपी जैसा बर्ताव करता है। चार लोगों के बीच पहचानता ही नहीं उसे। और पहचानता भी है तो औपचारिक हो जाता है। बाबू होना मंत्री पद की शपथ ले लेना है। वो बस वायदे करता है, लंबी-लंबी छोड़ता है और मुद्दे को टालता है। लड़के उससे निरीह जनता की तरह पेश आते है और उम्मीदों पर टिके रहते है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बाबू भगवान होता है और ऐसे में सामने वाली पार्टी को भक्त होना पड़ता है। भक्त से बस श्रद्धा और सब्र की अपेक्षा की जाती है। भगवान के दरवाज़े पर जाते वक्त दिमाग़ दरवाज़े पर छोड़कर जाना पड़ता है भक्त को। भीड़ के बीच भक्त की आंखें मिल भी जाएं भगवान से, तब भी वो तटस्थ भाव से देखता है उसे। आप को बस अंदाज़ा लगाना पड़ता है कि वो आपसे राजी है और आप पर कृपा करने की सोच रहा है।

भगवान कब दर्शन देगें? इस जन्म में देगें कि नहीं ये भगवान की मर्ज़ी है? पर भक्त को पूरी निष्ठा से मंदिर की घंटी बजाना ही होता है। प्रसाद ले जाना भी ज़रूरी है वरना भगवान बुरा मान सकता है। बाबू के रिश्तेदार उसकी अम्मा, उसके बिगडेल भाई सब पुजारी की भूमिका में होते हैं। ये ध्यान रखते हैं कि भक्त उन्हें अनदेखा तक सीधे भगवान तक पहुंच ना बना ले। बाबू राज़ी ही तभी होता है जब आप उसके इन रिश्तेदारों को साध लें। उनसे व्यवहार बनाए बिना बाबू तक पहुंचना मुश्किल ही होता है ऐसे में भक्त का निरीह पर्स उधड़ जाता है। कुपोषण का शिकार होता है वो और बहुत बार मर ही जाता है। गरीब भक्तों से भगवान अनमने होते हैं और अमीर भक्तों को वीआईपी दर्शन दे बैठने में संकोच नहीं करते।

बाबू तमाम सवालों से परे होता है। तानाशाह टाईप की चीज। आप चाहें तो उससे सवाल पूछ लें पर जवाब देना या ना देना उसकी मर्ज़ी पर निर्भर है। पर यदि बाबू आपसे कुछ जानना चाहें तो उसे फ़ौरन जवाब चाहिए होता है। बाबू, बाबू होते ही अफ़सर हो जाता है। एक विशिष्ट बोध है बाबू होना। उसका रथ ज़मीन से एक हाथ ऊपर चलता है। बाबू होना अंग्रेज हो जाना है जिसे सामने वाला काला गुलाम लगता है। बाबू हमेशा शासक की भूमिका में होता है जो ना सुनना ही नहीं चाहता। वो बस मन की बात करता है। यदि आप अपने बाबू को खोना नहीं चाहते तो आपको हमेशा सुनना और हां कहना सीखना ही होता है।

बाबू की एक ख़ासियत यह भी कि वो अहसान नहीं मानता। आप जो भी करते हैं वो आपका कर्तव्य और उसका अधिकार होता है। वो आपके हर काम में नुक्ता चीनी कर सकता है। और आप चूं भी नहीं कर सकते। उसे खुश कर पाना आमतौर पर नामुमकिन होता है। मिसाल के लिए आप अपनी गरदन भी काट कर उसे पेश करें तो वो इस बात पर अनमना हो सकता है कि गरदन सलीके से नहीं काटी गई है और दो इंच नीचे से काटी जाती तो बेहतर होता।

लड़कों को आमतौर पर बाबू होने का मौक़ा मिलता नहीं। लड़कों का बाबू होना हैली पुच्छल तारे के निकलने जैसी अनहोनी है। पर बहुत से लड़के इस मामले में स्पेशल क़िस्मत लिखवा कर पैदा होते हैं। एक बार बाबू का पद हासिल करते ही वो भी वही सब करते हैं जो बाबू को शोभा देता है। हालांकि बाबू हुए लड़के ज्यादा उदार होते हैं। उन्हें राज़ी करना अपेक्षाकृत सरल होता है। कैसे राज़ी किया जा सकता है उन्हें इस बाबत यहां लिखना मुनासिब नहीं।

बाबू इंतज़ार नहीं करता। जो इंतज़ार करता है वो बाबू नहीं होता। बाबू भाव खाता है वो आपका वक्त और दिमाग़ी सुकून खा सकता है। बाबू बात नहीं मानता, वह बात मनवाता है अपनी। आप केवल इसी सूत्र से अपने संबंधों की जांच पड़ताल कर सकते हैं कि आप बाबू है या भक्तों की गिनती में हैं। पता कर लें तो मुझे भी बताइएगा।

# कोचिंग संस्थान लील रहे युवाओं का जीवन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है।

भारत युवाओं का देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को सबसे युवा देश माना है। देश की कुल आबादी में से तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष आयु और 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष आयु तक के नागरिकों की है। देश के इन भावी कर्णाधारों को कुशल नागरिक बनाने की गरज से शिक्षा, कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बढ़ते वैश्वीकरण और निजीकरण के दौर में कॅरियर और 'सैलेरी पैकेज' जैसे शब्द भी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं में जुड़ गए हैं।

एक शिक्षित युवा अपने कॅरियर के माध्यम से स्वयं एवं परिवार की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति तथा परिवार, समाज और देश के विकास में अपने योगदान की उत्कृष्ट भूमिका देखना चाहता है। इस लक्ष्य के साथ ही उसके जीवन में परिश्रम और संघर्ष का दौर शुरू हो जाता है। लक्ष्य पाने के लिए युवाओं के अंदर समर्पण, परिश्रम और संघर्ष संतुलित रूप में तो वांछनीय हैं, लेकिन महत्वाकांक्षाओं का अतिरेक अगर जीवन को ही लीलने लगे तो वह अभिशाप बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से युवाओं के बीच कॅरियर, पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं, अकेलेपन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की बेतहाशा फीस एवं घरेलू आर्थिक दबाव के कारण हो रही आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं इसी कटु यथार्थ को उजागर करती हैं। वैसे तो युवा कॅरियर आकांक्षियों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं देश के तकरीबन सभी स्थानों पर देखी जा रही हैं, लेकिन राजस्थान के कोटा के साथ ये ख़ास तौर अधिक जुड़ी हुई हैं। बीते वर्ष इस कोचिंग के गढ़ में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 26 मामले प्रकाश में आए थे, जोकि एक साल में सबसे अधिक मामले हैं। कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है। वहां कुकुरमुत्ते की तरह उग आए तकरीबन सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहा जाए तो कोटा में कोचिंग व्यवसाय के कारखाने खुल गए हैं। देश के तकरीबन हर प्रांत, खास तौर पर उत्तरी भारत के हज़ारों युवा अपनी और परिवार की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की आस में इन इंस्टीट्यूट्स के जाल में फंस कर कोचिंग की पढ़ायी करने के लिए प्रवेश लेते हैं।

एडमिशन लेते समय तो उनके अंदर काफी उत्साह होता है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई एवं मोटी फीस आदि खर्चों का बोझ बढ़ता है, उन्हें हताशा और कई तरह के दबाव घेरने लगते हैं। होता यह है कि अधिकांश कोचिंग इंस्टीट्यूट्स विद्यार्थियों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए कई विद्यार्थियों के निर्धन या मध्यम परिवारों को न केवल कर्ज़ लेना पड़ता है, बल्कि कई स्थितियों में जमीन जायदाद भी बेचनी पड़ती है। यह दोहरा बोझ विद्यार्थियों के मन को लगातार कांटे की तरह चुभता रहता है। वे कड़ी मेहनत करते हुए किसी भी हाल में स्वयं और परिवार के अरमानों को पूरा करने के संघर्ष में जूझते रहते हैं और बार-बार परीक्षाओं में बैठने के प्रयास करते हैं। यह बहुआयमी दबाव उन्हें तनाव से भर देता है, और सफलता नहीं मिल पाने पर इस तनाव की परिणति कई बार आत्महत्या के रूप में होती है।

माता-पिता इस तथ्य को समझ नहीं पाते कि हर विद्यार्थी बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। अगर वे स्वयं उच्च पदों पर नहीं रहे हों तो इस अधूरी महत्वाकांक्षा की पूर्ति की अपेक्षा बच्चों से करने लगते हैं। कई परिवार कोचिंग में अधिक व्यय और सफल नहीं हो पाने के लिए बच्चों को ताने देने से भी गुरेज नहीं करते। उन्हें समझना होगा कि घर से दूर रात दिन सफलता के लिए जूझ रहे बच्चों में से सभी को सफलता मिल ही जाए, यह ज़रूरी नहीं है।

इधर केंद्र सरकार ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की है, उसमें बेतहाशा फीस वसूलने पर पंजीकरण निरस्त किए जाने की चेतावनी दी है। विद्यार्थियों को भी समझना होगा कि जीवन अमूल्य है, महत्वकांक्षाएं और कॅरियर उसके बाद है। एक रास्ता बंद हो जाने का यह अर्थ नहीं कि आगे बढ़ने के लिए दूसरे दरवाज़े नहीं हैं। अपनी बौद्धिक एवं पारिवरिक क्षमता को परखते हुए महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करना होगा। याद रहे, जिंदगी है तो संसार है, और संसार है तो कॅरियर के रास्तों की भी कमी नहीं।

## सोशल फोरम

# प्राण प्रतिष्ठा

सनातन धर्म की मान्यता अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आइए देंखे की सिख धर्म, जिसे अक्सर सनातन की ही शाखा कहा जाता है, इस संबंध में क्या कहता है। सिखों के पहले गुरु नानक जी द्वारा लिखित जपुजी साहिब के मूल मंतर में बहुत स्पष्ट रूप से ईश्वर के बारे में बताया गया है। गुरु नानक के बाद आये नौ अन्य गुरुओं ने भी ईश्वर की इसी कल्पना के आधार पर अपने विचारों को आगे रखा है। ईश्वर की ये कल्पना पूरे सिख धर्म की आधारशिला है। मेरा यहां किसी धर्म की किसी मान्यता से कोई विरोध नहीं। मेरा मकसद सिर्फ सिख धर्म के अनुसार ईश्वर की कल्पना को सामने रखना है। सिख धर्म के मूल मंत्र का हिंदी अनुवाद। मूलमंतर-'इक ओंकार, सतनाम, करता पुरुख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजुनी सैभंग, गुरु प्रशाद, जप आदि सच, जुगादि सच, नानक होसी भी सच।'



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अनुवाद- 'ईश्वर एक है, वही सत्य है, वही इस सृष्टि का रचयिता यानी सब कुछ करने वाला है। ईश्वर भय से रहित है, किसी से बैर रखने वाला नहीं, ईश्वर राग द्वेष से दूर है। ईश्वर काल से परे है यानी ईश्वर अविनाशी है। उसका अस्तित्व सदैव बना रहता है। ईश्वर किसी योनि को धारण नहीं करता यानी ईश्वर जन्म मरण के चक्र से परे है। ईश्वर स्वयंभू है यानी वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। ये बात आदि काल में भी सही थी, आज भी सही है और भविष्य में भी सही होंगी।' 'थापिया न जाई कीता न होई। आपे आप निरंजन सोई।।' ईश्वर की इसी कल्पना को आगे थोड़ा और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं कि ईश्वर को मूर्त रूप में स्थापित नहीं किया जा सकता है और न ही उसे बनाया जा सकता है। वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। इस पाउडी के अंत में गुरु की महिमा बखान करते हुए कहते हैं कि गुरु के शब्द ही वेद हैं, गुरु ही शिव है, गुरु ही ब्रह्मा है और गुरु ही पारबती माई है। इस गुरु ने ही एक बात समझाई है कि इस संसार में समस्त प्राणी जगत का एक ही परमात्मा है। सबके भीतर एक, सबका मालिक एक, सबका साहिब एक। बस इसका विस्मरण न हो।

-फेसबुक वॉल से

# ना जाने कहां खो गया हमारा वो सुकून

सिनेमा हॉल में देखिए, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जाएगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म ख़त्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे। ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुंचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।



शाश्वत तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोर्मेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गई तो गाडी फंस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहां चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते। हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुंचने की कुव्वत रखता है। 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं भगवान डिटेल्स में है लेकिन भगवान को भी कहां पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि सोशल मीडिया पर वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पाएं। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की 'वांका' पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पाएं तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? ज़रा सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अंबार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाए हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुंचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की ज़रूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। हमारे पास वक्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिए और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की ज़रूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जाएंगे। बन क्या जाएंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है। कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

# पुलिस सुधार

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में, 22 सितंबर 2006 को पुलिस सुधार के संबंध में ऐतिहासिक महत्व का फैसला दिया था। इस आदेश के कार्यकारी बिंदू निम्नलिखित हैं: राज्य सुरक्षा आयोग का गठन।, पुलिस महानिदेशक का चयन एवं न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल। आईजी जोन, डीआईजी. रेंज, जिला पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित करना।, शांति व्यवस्था एवं अपराध विवेचना को अलग-अलग करना। पुलिस स्थापना बोर्डों का गठन।, पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग का गठन।



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

फैसले को आए हुए 17 साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सिर्फ पुलिस महानिदेशक के कार्यकाल एवं नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में कुछ राज्य कार्यवाही कर रहे हैं और वह भी आधी अधूरी। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी चल रहा है परंतु राज्य और केंद्र सरकार कोई परवाह नहीं कर रहे।

दरअसल सरकारों और नौकरशाही को नाजायज काम करवाने के लिए पुलिस पर पूरा शिकंजा चाहिए। पुलिस सुधर गई तो सरकार और नौकरशाही की गुंडागर्दी कैसे चलेगी? विरोधियों को ग़लत आरोप लगाकर जेल भेजना और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की दबंगई एवं गुंडागर्दी को संरक्षण कैसे होगा? नौकरशाही अपनी सनक में डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाधिकारियो, पत्रकारों और अन्य किसी को पुलिस से कैसे पकड़वाएंगे? याद रहे कि नौकरशाही थानाध्यक्षों को सीधे जुबानी हुक्म देती है और थानाध्यक्ष अपने स्तर से फर्जी मामला बनाता है। जनता अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से पुलिस सुधार के लिए नहीं कहती। नेता वोट के अलावा किसी और बात से चिंतित नहीं होते हैं।

## एक नजर

### एसएसपी ने भ्रमण कर सुरक्षा का लिया जायजा



**गोरखपुर, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसएसपी ने मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताते चलें कि हर साल की तरह इस साल भी गोरखनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के खिचड़ी चढ़ाने के बाद मेले की शुरुआत होती रही है, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रहती है।

### पुलिस ने थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त कर किया संवाद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित स्थानों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त कर चेकिंग की। आमजन से संवाद स्थापित कर आपस में सौहार्द बनाये रखने तथा अफवाहो से बचने की अपील की। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों ने आगामी त्यौहार बसंत पंचमी, संत रविदास जयंती आदि त्यौहारों के दृष्टिगत सर्किल थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त की। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहो बचने की अपील की।

### वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना कठेला समय माता पुलिस ने 1 नफर वारंटी गिरफ्तार क न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कठेला समय माता ने बताया कि थाना इटवा में दर्ज मुकदमे से सम्बन्धित वारंटी मोहम्मद जमील निवासी बगुलहवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# पहली बार में ही फरियादियों की समस्याओं का हो समाधान

गोरखपुर

**अमृत विचार।** खोराबार थाने में शनिवार को आयोजित समाधान थाना दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैंट अंशिका वर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

दोनों अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं सुनने के साथ कुछ का निस्तारण कराया। थाने पर दर्ज किए गए प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर से मिलान कर जानकारी प्राप्त की। थाना प्रभारी से कहा कि आने वाले हर फरियादियों के प्रार्थना पत्र को समाधान दिवस रजिस्टर में उल्लेख जरूर किया जाए। जिससे उनके समस्याओं का गुणवत्ता युक्त निस्तारण किया जा सके। पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने कहा कि किसी भी फरियादी को बार-बार थाने का चक्कर न लगवाया जाए। अगर जमीनी विवाद है तो राजस्व कर्मचारियों के साथ मौके पर पुलिस भेज कर समस्याओं का निस्तारण किया जाए। इस दौरान थाना प्रभारी, क्षेत्रीय लेखपाल रहे मौजूद रहे। बता दें कि सरकार के निर्देश पर हर महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को सभी थानो पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जसमें पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहकर जनता की समस्याएं सुनते हैं और उनका निस्तारण करते हैं।



फरियादियों की समस्याएं सुनतीं एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी व सहायक पुलिस अधीक्षक अंशिका वर्मा।

### लापरवाही पर महिला लेखपाल को दी सख्त हिदायद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस में ग्रामीण की शिकायत पर जब डीएम ने संबंधित लेखपाल से जानकारी मांगी तो लेखपाल गोलमोल जवाब देने लगी। इस पर डीएम ने सख्त हिदायत देते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा। जानकारी के अनुसार सदर थाना अंतर्गत ग्राम महुरैया निवासी अनिल की शिकायत पर डीएम पवन अग्रवाल ने लेखपाल बबिता सिंह से जानकारी मांगी तो लेखपाल उन्हें इधर-उधर की बात बतानी शुरू कर दी। इस पर डीएम ने हिदायत दी कि गोल-गोल न घुमाएं, सही बात बताएं। इसके बाद सही जानकारी मिलने पर उन्होंने मौके पर जाकर मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुल आठ आवेदन आए इसमें छह राजस्व विभाग से तथा दो अन्य से संबंधित थे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को विवादों व शिकायतों का समुचित निस्तारण जल्द करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम डॉ. ललित मिश्र, एसओ रोहित उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक विजय गुप्ता, गयादीन मौर्य, लेखपाल रामकरन गुप्ता, राम सिंह, आलोक मिश्र, अजय वर्मा, रमेश गुप्ता, सुरेन्द्र चौरसिया, अजीत गुप्ता, सुधीर बक्शी, प्रीती लता, प्रज्ञा आदि मौजूद रहे।

### सपा ने जन पंचायत में भाजपा सरकार को घेरा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चोडार सेक्टर में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष हरिनरायन यादव के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत कर समाजवादी सरकार की नीतियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा प्रदेश सचिव इं. रामफेर यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा की सरकार में लगातार पिछड़ों, दलितों एवं महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरिनरायन यादव,वीरेंद्र तिवारी विष्णु उमर, विक्रम यादव,बलराम चौरसिया, घनश्याम पांडेय, उमेश यादव, राहुल चौरासिया, रामू यादव, गुड्डू सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कब्जा मुक्त कराई जाएगी रोडवेज बस अड्डा की भूमि

## राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर किया चिन्हांकन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बर्डपुर ब्लॉक के ककरहवा कस्बा में रोडवेज बस अड्डा की दो बीघा भूमि पर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग की टीम की पैमाइश में बस अड्डा की भूमि 10 लोगों द्वारा कब्जा किए जाने की जानकारी मिली है। राजस्व टीम ने संबंधित भूमि पर कब्जा की रिपोर्ट भेज दी है। जिसके बाद रोडवेज की तरफ से इन कब्जेदारों को भूमि खाली कराने के लिए नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम की तरफ से तहसील प्रशासन नौगढ़ को ग्राम दुल्हासुमाली के टोला ककरहवा कस्बा में स्थित रोडवेज बस अड्डा की भूमि पैमाइश करने को कहा था। जिसके क्रम में राजस्व विभाग की टीम ने ककरहवा स्थित रोडवेज बस अड्डा की गाटा संख्या 124 दो बीघा (0.280 हेक्टेयर) भूमि की पैमाइश की। राजस्व टीम ने आसपास के गाटा नंबर को चिन्हित कर पैमाइश किया। इसमें बस अड्डा भूमि पर मुन्नी देवी पत्नी चंद्रिका प्रसाद, रीता पत्नी शिवमूरत, वंदना पत्नी ओमप्रकाश, गुड़िया देवी पत्नी दिलीप कुमार, गुड़िया पत्नी अयोध्या व विजय प्रकाश ने पक्का मकान बना लिया है। जबकि अमीन ने टीनशेड डालकर, मोहम्मद सिराज ने पक्की नींव और राकिया व सीताराम बाउंड्रीवाल लगाकर कब्जा किया है। पैमाइश में रोडवेज बस अड्डा भूमि का कुछ हिस्सा खाली भी पाया गया। तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि राजस्व टीम की रिपोर्ट पर परिवहन विभाग की तरफ से नोटिस देने के बाद अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो तहसील प्रशासन की तरफ से कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### समीक्षा अधिकारी की परीक्षा सकुशल संपन्न

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** क्षेत्र के बाबा हरिदास इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ उसका बाजार पर रविवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

प्रथम पाली में 480 के सापेक्ष 315 व द्वितीय पाली में 480 के सापेक्ष 314 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा समापन के बाद अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रथम पाली में सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र का स्तर काफी अच्छा था। जबकि कुछ ने इसे कठिन भी बताया। वहीं द्वितीय पाली में आयोजित सामान्य हिंदी की परीक्षा को लगभग सभी अभ्यर्थियों ने पिछले वर्षों में आए पेपरों की तरह ही बताया। परीक्षा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, एसडीएम डुमरियागंज संजीव दीक्षित, स्टेटिक मजिस्ट्रेट महेंद्र कुमार व मनोज गौतम सक्रिय रहे और निगरानी करते रहे।

# सावधानी से रात में हटाया जाए मलबा

**लिया जायजा**

▸▸ **नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

गोरखपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने हिंदी बाजार बंधू सिंह पार्क में बनने वाली मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएनडीएस के अभियंता की उपस्थिति में मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा था, नगर आयुक्त द्वारा मलबे को हटाने का कार्य सावधानी पूर्वक रात में करने का निर्देश दिया। जिससे जनहानि न हो।

कहा कि कार्य स्थल पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने, ट्रांसफार्मर को हटवाने एवं पोलों की शिफ्टिंग के संबंध में निर्देश दिएद्ध नगर आयुक्त ने बताया कि मल्टीलेवल पार्किंग मंदिर निर्माण का कार्य लगभग 15 से 18 माह में पूरा हो जाएगा। यह चार मंजिला बनेगा, जिसमें पार्किंग, मंदिर, व्यापारियों के लिए दुकान एवं अन्य आवश्यक निर्माण कराया जाएगा। बंधू सिंह मल्टी लेवल पार्किंग लगभग 28 करोड़ रुपए में बनाया जा रहा है। नगर आयुक्त ने गोरखपुर क्लब के सामने बनाए जा रहे सीनियर सिटीजन होम का भी निरीक्षण किया। कार्य को तेजी से करने के लिए उपस्थित ठेकेदार को निर्देशित किया। सीएनडीएस के अधिशासी अभियंता से भी वार्ता की गई।



निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण करते नगर आयुक्त।

# ट्रक में फंसकर घसीटता रहा बाइक सवार युवक, मौत

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इटवा-बढ़नी मार्ग स्थित पिपरा मुर्गिंहवा गांव के पेट्रोल पंप के पास शनिवार रात ट्रक की चपेट में बाइक सवार आ गया। ट्रक में उसकी जैकेट फंस गई और उसे 100 मीटर तक घसीटता रहा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इटवा कस्बे के राजपुर डिहवा निवासी बाबूलाल (30) पुत्र हनुमान इटवा चौराहे पर स्थित एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था और परिवार सहित बढ़नी मार्ग स्थित पिपरा मुर्गिंहवा में किराए के मकान में रह रहा था। शनिवार को वह रात साढ़े नौ बजे दुकान से लौट रहा था। बढ़नी मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए ट्रक में इसका जैकेट का एक हिस्सा फंस गया। जिसके चलते ट्रक के साथ वह 100 मीटर घसीटता चला गया। हादसा देखकर जबतक लोग मौके पर पहुंचते, उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाबूलाल के दो बच्चे हैं। मौत की खबर मिलने के बाद परिवार और बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ इटवा संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि ट्रक चालक व ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रा की हत्या में नामजद प्रेमी हिरासत में

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शोहतगढ़ थाने के ग्राम खरगवार की कक्षा 11 की छात्रा संध्या प्रजापति की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। हत्या में छात्रा का कथित प्रेमी अंकित उपाध्याय नामजद है और पुलिस हिरासत में है। हालांकि ग्रामीणों को हत्या के पीछे किसी और हाथ होने की संदेह है। घटना की सूचना पाकर एसपी प्राची सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और जल्द खुलासे के लिए स्थानीय पुलिस को निर्देश दिया।

बता दें कि छात्रा संध्या शुक्रवार को सुबह परीक्षा देने गांव के निकट शिवपति इंटर गई थी। उसी दिन



घटनास्थल पर जांच करतीं एसपी प्राची सिंह व इनसेट में मृतका छात्रा की फोटो।

संध्या के पिता प्रहलाद प्रजापति काम धंधे के लिए मुम्बई रवाना हो गये थे। संध्या जब शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसे खोज खबर लेनी शुरू की। शनिवार की सुबह संध्या की लाश उसके घर से थोड़ी दूर आम के बाग में मिली। प्रथम दृष्टतया उसे गला घोंट कर मारा गया लगता था। उसके पीठ पर स्कूल बैग चिपका हुआ था। कपड़े भी ठीक थे। जाहिर है कि उसके साथ कोई अनहोनी घटना नहीं हुई थी। लड़की की मां माधुरी ने गांव के युवक अंकित उपाध्याय पर हत्या का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों के अनुसार अंकित और संध्या का प्रेम प्रसंग किसी से छिपा नहीं था। कुछ दिन पहले दोनों घर से भागने के प्रयास में थे हालांकि पलटा देवी के पास से दोनों को पकड़ लिया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार छात्रा की हत्या के लिए अंकित के पास कोई ठोस वजह नहीं प्रतीत होती। हालांकि दोनों की जातियां असमान थीं। थानध्यक्ष शोहरतगढ़ का कहना है कि पुलिस उपरोक्त बिंदुओं को ध्यान में रख कर पूछताछ और जांच में लगी हुई है। उम्मीद है एक दो दिन में मामले का पर्दाफाश हो जाएगा।

## सार-संक्षेप



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करती टीम। अमृत विचार

### खुले में शौच करने से दूषित होता है हमारा वातावरण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकासखंड नौगढ़ ग्राम पंचायत शिवपतिनगर में एजेंसी न्यू जेनेसिस दिल्ली की तरफ से ओडीएफ से ओडीएफ प्लस की ओर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनारकली, न्यू जेनेसिस टीम से आए अवधेश चौहान, नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकार विनोद यादव एवं फरीदा खातून, निखिल यादव व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों को विभिन्न माध्यमों से खुले में शौच मुक्त भारत बनाने एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि हमे खुले में शौच नहीं करना चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है और हमे अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ता है। लोगों को हाथ धुलने का सही तरीका बताया गया।

### प्रभारी तहसीलदार ने किया गौशाला का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद बासी द्वारा संचालित कान्हा गौशाला जनियाजोत का निरीक्षण रविवार को प्रभारी तहसीलदार राघवेन्द्र पाण्डेय एवं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सीएल वर्मा ने किया। गौशाला के कर्मचारियों ने बताया कि कुल 228 गोवंश हैं, जिनके खान पान, स्वास्थ्य आदि का विशेष ध्यान दिया जाता है। बताया कि वर्तमान में तीन गोवंश बीमार हैं जिनका उपचार चल रहा है। गौशाला में भूसा, दाना एवं हरा चारा आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। जो पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला। अधिकारियों ने गौशाला में समुचित साफ-सफाई का निर्देश दिया। दूध देने वाली गायों की सही ढंग से देखभाल और चारे का प्रबंध करने का निर्देश दिया। कहा कि परिसर पूरी तरह से सूखा रहना चाहिए ताकि ठंडक में किसी भी प्रकार से गोवंशों को कोई असुविधा न होने पाये। सभी गोवंशों को धूप में रखें और उस समय परिसर की साफ सफाई करा ली जाय। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बांसी ने बताया कि सभी गोवंशों का टीकाकरण एवं दवा समय से करा दिया गया है। सभी गोवंशों में शत प्रतिशत अभियान के दौरान संरक्षित एवं पूर्व में संरक्षित गोवंशों पर पहचान हेतु टैग लगा दिया गया है। कर्मचारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को यह भी निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

# शतरंग प्रतियोगिता : अंडर 9 में सम्यक ने जीता खिताब

गोरखपुर

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिला शतरंज संघ से संबंद्ध ब्रेन चेस एकेडमी के तत्वावधान रविवार को एक दिवसीय अंडर 9 और अंडर 19 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन तुलसीदास मेमोरियल कैटलिस्ट हाईब्रीड स्कूल निकट बेतियाहाता में सम्पन्न हुआ। रैपिड आधार पर खेले गए मैच में दोनों ही वर्गों में कुल 28 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 7 अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी शामिल रहे।

अंडर 9 वर्ग में तीन चक्रों के मैच में अपने सभी प्रतिद्वद्धियों को पराजित कर सम्यक सिंह ने तीन अंक बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं अंडर 19 वर्ग में पांच चक्रों के मैच में चार चक्रों में जीत व एक मैच ड्रा खेल रेटेड खिलाड़ी शाश्वत सिंह ने 4.5 अंक अजित कर विजेता बन बैठे। अंडर 9 आयु वर्ग में दो अंक बनाकर शिवांश चौरसिया को दूसरा तथा विवान जालान को तीसरा स्थान मिला वहीं चौथा स्थान अद्विका सिंह को मिला। पांचवें स्थान पर 1.5 अंक बनाकर नवोदित कार्तिक मसकरा रहे। प्रतियोगिता मे स्पेशल पुरस्कार की कैटगरी में बेस्ट अंडर 7 का पुरस्कार अर्यांश सिंह, बेस्ट अंडर 11 सोहम मित्तल और बेस्ट गर्ल्स का खिताब प्रगति को मिला। प्रतियोगिता में विजयी प्रतियोगियों को कैटलिस्ट हाईब्रीड स्कूल के डॉरेक्टर महेन्द्र कुमार शुक्ला, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ सुरेश सिंह ने शील्ड नकद पुरस्कार, मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में चीफ आर्बीटर की भूमिका में नितेश श्रीवास्तव, आर्बीटर की भूमिका में अमितेश आंनद, मंजीत, राहुल द्विवेदी आदि रहे।



शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी। अमृत विचार

### हल्द्वानी स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव किया गया स्थगित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन ने हल्द्वानी स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव स्थगित किया है। इन गाड़ियों में 15013 जैसलमेर-काठगोदाम एक्सप्रेस, 14120 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस, 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस, 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस, 15035 दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस, 12091 देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस, 12092 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस, 15036 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस, 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस, 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस, 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस का हल्द्वानी स्टेशन पर ठहराव स्थगित किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



**आयोजन** भाजपा की ओर से आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोले सांसद जगदंबिका पाल

# भाजपा सरकार में नारी शक्ति का हो रहा सशक्तिकरण

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय स्थित लोहिया कला भवन में भाजपा द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सांसद ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं का निरंतर सम्मान किया है। उसी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन वर्तमान सरकार में हो रहा है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार आने के बाद से हमेशा नारी शक्ति के सशक्तिकरण और सुरक्षा के बारे में नई नई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

आज देश में 2 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना चल रही है। हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रही है। सांसद ने नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमन्त्री बनाने के लिए नारी शक्ति से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि नारी शक्ति सृजनकर्ता है। प्रधानमंत्री ने सदैव नारी शक्ति का सम्मान किया है और भारत सरकार ने प्रत्येक योजना के केंद्र बिंदु में हमारी माताओं को स्थान दिया है। लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया। सांसद ने उपस्थित सभी मातृशक्ति को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, जिला महामंत्री भाजपा विपिन सिंह, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, सरोज शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी सहित सभी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष तथा हजारों की संख्या में नारी शक्ति की उपस्थित रही।




भाजपा द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में बोलते सांसद जगदंबिका पाल। अमृत विचार

# परीक्षा की निगरानी को स्पेशल टीम

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित बोर्ड परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए स्पेशल टीम गठित की गई है। जो तहसील स्तर पर केंद्रों की जांच करेगी। किसी केंद्र पर गड़बड़ी मिल मिलने पर टीम तत्काल एसडीएम को रिपोर्ट करेगी जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से जिले के 114 परीक्षा केंद्रों पर होगी। बोर्ड परीक्षा में हर केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके साथ ही सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। पांच सचल दस्ता भी गठित किया गया है। जो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही रात्रि में परीक्षा केंद्रों पर कोई गड़बड़ी न हो इसके मद्देनजर पांच स्पेशल टीम बनाया गया है। जो रात्रि में ही निकलकर परीक्षा केंद्रों की गतिविधि के बारे में देखेंगे। गड़बड़ी होने की आशंका में छापा मारेंगे। कोई गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई करके एसडीएम को रिपोर्ट करेंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। इस टीम में मजिस्ट्रेट के साथ सशस्त्र पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन और सकुशल संपन्न कराया जाएगा। परीक्षा केंद्रों की जांच के लिए पांच टीम रात्रि भ्रमण के लिए नामित हुई हैं। शासन के मंशानुसार परीक्षा कराई जाएगी।

### धोखाधड़ी के मामले की पुलिस से शिकायत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इटवा कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने इटवा पुलिस को शिकायती पत्र देकर कस्बे के ही दो लोगों पर रुपये डबल करने का झांसा देकर ठगी कर लेने का आरोप लगाया है। इटवा पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती प्रार्थना पत्र में दुर्गा प्रसाद जायसवाल ने गांव के दो युवक पर आरोप लगाया है कि उनके पुत्र आयुष जायसवाल से रुपये दोगुना करने का ऑफर देकर दो लाख रुपये ले लिए। दिए गये समय पर मूलधन तक नहीं मिला। जिस पर आयुष ने इसकी जानकारी पिता को दी। एसओ संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# 1819 परीक्षार्थियों ने छोड़ी आरओ-एआरओ परीक्षा, 4466 सम्मिलित

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** 15 केंद्र पर (आरओ-एआरओ) समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्री 2023 परीक्षा डीएम की निगरानी में आयोजित हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 6285 में 4466 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 1819 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। डीएम अरविंद सिंह की निगरानी में जिले के 15 केंद्र पर समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा नकल विहीन शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित हुई।



एमपीपी इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों की तलाशी लेते डीआईओएस व अन्य।

जिले में एमएलके पीजी कॉलेज में तीन केंद्र कला संकाय वाणिज्य व विज्ञान संकाय सहित एमपीपी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल, शारदा पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीसस एंड मैरी स्कूल, सिटी मोंटेसरी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, फातिमा स्कूल, मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला व एचआरए इंटर कॉलेज उतरौला केंद्र शामिल थे। प्रत्येक केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व पुलिस बल के साथ परीक्षा कराई गई। जिले में 71.05 प्रतिशत परीक्षार्थी ने परीक्षा दी है। कल परीक्षार्थी 6285 पंजीकृत थे जिसमें 4466 परीक्षा में शामिल हुए व 1819 परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

# 75 गांवों में लगा तीन दिन निःशुल्क स्वास्थ्य मेला

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला सेवा यात्रा नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन सेवा यात्रा अवध प्रांत की ओर से नेपाल सीमा से सटे 75 गांव में तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 9 से 11 फरवरी तक चलाकर 11 फरवरी को देवी पाटन मंदिर में मेगा कैम्प के माध्यम से परीक्षण व इलाज किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक व आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि नेपाल सीमा से सटे 75 ग्रामों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 9 फरवरी को गैंसडी क्षेत्र के नेवलगढ़, बघेलखंड, भोजपुर थारू, चमरबोझिया, कन्हईडीह, मोहकमपुर, बेतहनिया, बालापुर, दुल्हीनडीह, विजयनगर, दुर्गापुर व तुलसीपुर क्षेत्र के ननमहरा, नैकिनिया, महादेव, जमुनी, बेलीखुर्द, गढवावाल, फरेंन्दा कुशमहर, दुबौलिया, पिपरा, जीतपुर सहित गांवों के लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।



नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल नपाप अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व अन्य।

इसी क्रम में 11 फरवरी को देवी पाटन मंदिर प्रागण में सुबह नौ बजे से तीन बजे तक मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। प्रत्येक गांवों में पांच चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सशक्त राष्ट्र की निर्माण के लिए स्वस्थ्य व शिक्षित राष्ट्र होना आवश्यक है। इस दिशा में हमारे परिवार ने आजादी के पहले से कर रहे है।

इस अवसर पर प्रो. मदन लाल ब्रम्हा भट्ट, कार्यवाह अवध प्रान्त संजय, प्रान्त सम्पर्क प्रमुख गंगा सिंह, सुनील एसएएस हुंडई, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, वरिष्ठ समाजसेवी, डॉ एपी सिंह वरिष्ठ चिकित्सक बलरामपुर हास्पिटल, डॉ.ओएन पान्डेय, रोहित अग्रवाल, सचिव एनएसओ बाराबंकी, राजेश सिंह दयाल, विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल, सहसंयोजक राम कृपाल शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस उपस्थित रहें।

# एनसीसी बी सर्टिफिकेट की परीक्षा में 506 कैडेट्स हुए सम्मिलित

संवाददाता, बलरामपुर

**एनसीसी बस्ती के कमान अधिकारी कर्नल प्रशांत कुमार की निगरानी में हुई परीक्षा**

**अमृत विचार:** 51वीं बटालियन एनसीसी बलरामपुर के अंतर्गत आने वाली शैक्षिक संस्थानों की दो दिनों तक चलने वाली एनसीसी बी सर्टिफिकेट की परीक्षा रविवार को एमएलके पीजी कॉलेज के सिटी पैलेस परिसर में आयोजित हुई। परीक्षा में कुल 506 कैडेट्स सम्मिलित हुए। यह जानकारी बटालियन के सूबेदार मेजर रामनिवास ने दी।

उन्होंने बताया कि रविवार को प्रसाइडिंग ऑफिसर 47वीं यूपी बटालियन एनसीसी बस्ती के कमान अधिकारी कर्नल प्रशांत कुमार की निगरानी में परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए पूरी परीक्षा की वीडियोग्राफी कराई गई। परीक्षा में बटालियन के कुल 18 कॉलेज के 534 में से 506 कैडेट्स सम्मिलित हुए।

परीक्षा के सकुशल संचालन हेतु 48 बटालियन गोण्डा के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल रंजोत सिंह, बालिका इंटर कॉलेज की मेजर वंदना पाण्डेय, एमपीपी इंटर कॉलेज के लेफ्टिनेंट मदन लाल, एमएलके पीजी कॉलेज के लेफ्टिनेंट डॉ देवेंद्र कुमार चैहान, बटालियन के सूबेदार आनरी कैप्टन गुरनैल सिंह व सूबेदार सुखविंदर सिंह परीक्षा बोर्ड के सदस्य नियुक्त किए गए। इसके पूर्व शनिवार को प्रैक्टिकल व रविवार को लिखित परीक्षा आयोजित हुई।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच रहे शिवा मिश्रा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के बरदौलिया बाजार चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में क्रिकेट क्लब शिवपुरा व स्टार क्रिकेट क्लब बरदौलिया के मध्य खेला गया। जिसमें शिवपुरा क्रिकेट क्लब के कप्तान तौव्वाब अली ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। उनकी टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 87 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में उतरी स्टार क्रिकेट क्लब बरदौलिया की टीम ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। स्टार क्रिकेट क्लब बरदौलिया के खिलाड़ी शिवा मिश्रा को सर्वाधिक 45 रन बनाने और दो विकेट लेने के कारण मैन ऑफ द मैच दिया गया। विजेता टीम के कप्तान रवि जायसवाल को आयोजक टीम द्वारा 21000 का चेक व उपविजेता टीम शिवपुरा के कप्तान तौव्वाब अली को 11000 का चेक दिया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पंकज सिंह, ऋषि मुनि वर्मा, रामसुख मिश्रा, श्याम कुमार गुप्ता व संतोष कुमार उपाध्याय के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया।

# कला, शिल्प और भव्य बाल मेले का लोगों ने उठाया आनंद

उतरौला, संवाददाता

**अमृत विचार :** शनिवार को उतरौला के स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज के प्रांगण में प्रबंधक असलम शेर खान की देखरेख में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट (कला और शिल्प) व भव्य बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों ने अपने क्रिएटिविटी को प्रदर्शित करते हुए बेहतरीन कलाकारी का नमूना पेश किया। छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट के मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया।

प्रदर्शनी में छात्रों ने अनुपयोगी वस्तुओं से वॉल हैंगिंग, राम मंदिर, घर का मॉडल, सजावट की वस्तुएं, गुलदस्ते, पूजा घर, फोटो फ्रेम, पेन स्टैंड, टेबल लैंप सहित वस्तुएं बनाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। बाल मेले में बच्चों ने समोसा, गाजर हलवा, चाट, कॉफी, पॉप कॉर्न, बर्गर, फ्राइड राइस, चाऊमीन, शुगर कैंडी, ट्राई योर लक समेत अन्य स्टाल लगाए गए। बाल मेले में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।




इंटर कॉलेज में आयोजित बाल मेले में शामिल अतिथि। अमृत विचार

इस दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अनूप चंद गुप्ता, विशिष्ट अतिथि बलरामपुर सदर एसडीएम संदीप तिवारी, शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष देवता प्रसाद तिवारी, प्रधानाचार्य के सरोज, आशीष मौर्य, आशीष वर्मा, चंदन पांडे, महेंद्र प्रताप सिंह सहित कार्यक्रम में आए हुए अन्य अतिथियों को डायरेक्टर असलम शेर खान व प्रबंधक रेखा शर्मा द्वारा अंग वस्त्र, बुके देकर एवं बैच अलंकरण कर स्वागत किया गया।


## सार-संक्षेप

### भाजपा नेता विवेकानंद वर्मा बने बस्ती विस के चुनाव प्रभारी



**संतकबीरनगर।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा को पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने आगामी लोकसभा चुनाव में बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी मनोनीत किया है। बताते चलें कि श्री वर्मा इससे पूर्व बीते विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चुनाव क्षेत्र गोरखपुर सदर विधानसभा सीट के चुनाव प्रभारी रह चुके हैं। उनके मनोनयन पर पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र, अष्टभुजा प्रसाद शुक्ल, सांसद इं प्रवीण निषाद, विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक गणेश चौहान, विधायक अनिल त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव समेत तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की मनायी पुण्यतिथि



पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते भाजपाई।

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा नगर कार्यालय पर एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी के नेतृत्व में मनाई गई। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प चढाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एकात्म मानववाद के प्रणेता थे और उन्होंने गरीबों के उत्थान के लिए अंत्योदय का शुभारंभ किया। देश के निचले पायदान के लोगों के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। कश्मीर की आजादी के लिए उन्होंने लम्बी लड़ाई लड़ी और रहस्यमय परिस्थितियों में 11 फरवरी 1968 को उनकी लाश बरामद हुई। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी अगर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और केंद्र के साथ ही देश के तमाम प्रदेशों में उसकी सरकारें हैं तो उसके पीछे पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे तपस्वी महापुरुषों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में नगर महामंत्री कन्हैया वर्मा, विष्णु मिश्र, विस्तारक मंगलम यादव, सोहन लाल जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, विकास गुप्ता, रुद्रनाथ मिश्र, धर्मेंद्र वर्मा, मनोज सोनी, अमरदीप सोनी, जितेंद्र गुप्ता, सोनू जायसवाल, सभासद दिलीप निराला, अजय निराला, अवधेश पांडेय, संजय गुप्ता समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक लाख साठ हजार रुपए में हुई 12 वाहनों की नीलामी

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में थानों में खड़े लावारिश वाहनों, माल मुकदमाती के निस्तारण के लिए चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के तहत रविवार को क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, नायब तहसीलदार खलीलाबाद प्रियंका तिवारी की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा पंकज कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में दुधारा थाने पर मौजूद लावारिश हालात में खड़े 12 वाहनों की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। वाहनों में 9 दो पहिया वाहन, 2 चार पहिया व 1 टेम्पू की नीलामी प्रक्रिया 1 लाख 60 हजार रुपए में की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों का मूल्य एक लाख 10 हजार रुपए निर्धारित किया गया था। जिसमें अधिकतम 1 लाख 60 हजार रुपए की बोली ठेकेदार कृष्ण गोपाल पुत्र शिवकिशोर निवासी ग्राम पड़ियाखास चौराहा थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती द्वारा लगाई गई। उन्होंने बताया कि आपरेशन क्लीन अभियान के तहत वाहन मालिकों का नाम पता ट्रेस कर वाहनों को अपने पक्ष में मुक्त कराने के लिए नोटिस दी जा रही है। वाहन मालिकों द्वारा वाहनों को अपने पक्ष में अवमुक्त न कराने के कारण नीलामी की प्रक्रिया कराई जा रही है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**संवाददाता, रायबरेली।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर के रहने वाले एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड गई। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार वर्मा पुत्र राम उजागर वर्मा निवासी नेहरू नगर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है. जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक डा. एसके सिंह ने बताया कि युवक की हालत गंभीर है।

# कोई भी बच्चा शिक्षा के मुख्य धारा से वंचित न रहे

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों को रुचिकर शिक्षा देने की पहल**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** शासन से बेसिक शिक्षा की योजनाओं को जानकारी देने के लिए छात्रों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक टीम ने परिषदीय विद्यालयों में चल रहे शैक्षिक संसाधनों के बारे में जागरूक करते हुए सत्य प्रतिशत छात्रों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। नुक्कड़ नाटक 5 सदस्य टीम ने बच्चों को बेसिक शिक्षा की योजनाओं के बारे में गीत व नाटक नृत्य के माध्यम से जानकारी देते हुए आमजन को जागरूक किया।




नुक्कड़ नाटक में मौजूद नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के छात्र।

एमपीपी इंटर कॉलेज में बच्चों को निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। नाटक के माध्यम से छात्रों को रोज स्कूल में आकर शिक्षा ग्रहण करने, शासन से बच्चों को दोपहर में मध्यान भोजन देने, निःशुल्क पाठ्यक्रम के साथ स्टेशनरी उपलब्ध कराने व शैक्षिक गुणवत्ता पर रखना सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

सरकारी स्कूलों में योग्यता धारी शिक्षक के साथ संसाधन छात्रों को निशुल्क मिल रहे हैं। छात्रों का पठन-पाठन कार्यक्रम भी उत्तम तरीके से कराया जा रहा है। ऐसे में अभिभावकों को अपने छात्रों को पढ़ने के लिए सरकारी स्कूलों में दाखिला करना चाहिए। कोई भी बच्चा शिक्षा के मुख्य धारा से वंचित न रहने पाए। यूआरसी के अकादमिक रिसोर्स पर्सन अरुण कुमार मिश्रा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि बुनियादी शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है इसी अधिकार के तहत शासन ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था के तहत छात्रों को स्टेशनरी पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूता मोजा, टाई बेल्ट सहित एमडीएम के तहत मध्यान भोजन की व्यवस्था कर रखा है। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह, रोशन आरा, आमना खातून, रीता देवी सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में बौद्धिक ज्ञान जरूरी : अतुल

अमृत विचार, बलरामपुर

**अमृत विचार:** भगवतीगंज के शंकरपुर बिशुनीपुर में संचालित मदरलैंड पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता स्वर्गीय सुरेश कुमार कश्यप स्मारक संस्थान के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जिले के 114 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। विद्यालय प्रधानाचार्य अतुल गौरव ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से बलरामपुर के मेधावी छात्रों का चयन गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी किया गया है। इनमें मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले छात्रों को मदरलैंड पब्लिक स्कूल संस्थापक प्रबंधक स्वर्गीय सुरेश कुमार कश्यप के याद में स्कॉलरशिप दिया गया है। जिसमें मेरिट में स्थान बनाने वाले छात्रों को निशुल्क शिक्षा एक साल के लिए दी जाएगी।

प्रतियोगिता में प्रत्येक क्लास के टॉपर व प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में रुद्र बहादुर सिंह, दीपक शर्मा, कल्पना कश्यप, आराधना मिश्रा, सरिता सिंह, शिवांगी शर्मा, मंजू सोनकर, गुड़िया साहू व पूजा साहू का विशेष सहयोग रहा।

# महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग में विद्वत व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक व कानूनी संभावना विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान का शुभारंभ मुख्य वक्ता अपर जिला जज व विशेष जज एससी एसटी एक्ट विनोद कुमार, प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो पीके सिंह व विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में महिलाओं को लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करने व कानून के तहत समान सुरक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है। संविधान महिलाओं के संचयी सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक नुकसानों को समाप्त करने के लिए महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव के उपायों को अपनाने के लिए राज्य को अधिकृत भी करता है। उन्होंने महिलाओं से संबंधित कई उदाहरण देते हुए उपयोगी कानूनी जानकारी दी। प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने विद्यार्थियों को शुभाशीष देते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने के लिए महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिला आरक्षण बिल महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वहीं ओम प्रकाश सिंह ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ वंदना सिंह, डॉ दिनेश त्रिपाठी, सीमा पाण्डेय, मणिका मिश्र, मधुमिता सिंह व अर्चना पांडे उपस्थित रहे।




**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रविवार को संतकबीरनगर के विधायक ने भी रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में राम मंदिर परिसर के बाहर मुख्यमंत्री योगी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक गणेश चौहान ने फोटो भी खिंचाई। अमृत विचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का मिला शव

**संवाददाता, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के सैम्बसी गांव में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब विवाहिता अनीता का शव घर में फंदे से लटकता मिला। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। गांव पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही विवाहिता के फांसी लगाने की घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाए रही।

# फायर कर्मियों ने आग से बचाव के बताए तरीके

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा फेज-2 कार्यक्रम के तहत फायर सर्विस टीम ने रविवार को कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मंगलम मैरेज हाल, बन्धन मैरेज हाल, उत्सव मैरेज हाल, सांवरिया मैरेज हाल, मेहरुन पैलेस, सिटी लान, आनंद मैरेज हाल, रिलांयस मैरेज हाल, परम्परा मैरेज हाल, स्टार मैरेज हाल में फायर आडिट किया।

अग्नि शमन अधिकारी ने उपस्थित प्रबंधकों और कर्मचारियों को मानक के अनुसार अग्निशमन व्यवस्था स्थापित करने का निर्देश दिया। इस दौरान फायर कर्मियों ने उन्हें उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवाएं उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर अग्नि शमन अधिकारी अशोक यादव और उनकी टीम द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेज-2 के अंतर्गत इस अभियान का संचालन किया जिससे कोई आकस्मिक दुर्घटना होने पर प्रभावी कार्रवाही करते हुए क्षति होने से रोका जा सके। इस दौरान उन्होंने निष्प्रयोज्य अग्नि सुरक्षा उपकरणों को तत्काल कार्यशील कराए जाने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया।



कर्मचारी को फायर किट प्रयोग करने का प्रशिक्षण देते फायर कर्मी

### होमगार्ड विभाग 1.99 करोड़ से खरीदेगा इंसास राइफल और कारतूस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होमगार्ड अब जल्द ही इंसास राइफल से लैस नजर आएंगे। इनके लिए होमगार्ड विभाग जल्द ही इंसास राइफल और कारतूस की खरीदारी करेगा। इसके लिए शासन ने भी हरी झंडी दे दी है। यह खरीदारी 1.99 करोड़ रुपये से होगी। यह धनराशि भी शासन ने जारी कर दी है। इस मामले में संयुक्त सचिव उप्र शासन पद्माकर शुक्ल ने महासमादेष्टा होमगार्ड को आठ फरवरी को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इंसास राइफल और कारतूस की खरीद के लिए धनराशि सीतापुर में सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी एवं केंद्रीय आयुध भंडार को उपलब्ध कराई गई है। सहमति के मुताबिक, होमगार्ड विभाग 5.56 एमएम इंसास राइफल (फिक्स बट) और 5.56 एमएम इंसास राइफल (फोल्ड बट) की खरीदारी होगी। इसकी खरीद में कुल 1,93,57,976 रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इंसास राइफलों की खरीद के लिए शासन की सहमति पश्चिम बंगाल से बनी है। वहां राइफल फैक्ट्री ईशापोर से राइफलों की खरीदारी करने के निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए हैं।

# भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद करें महिलाएं

धनघटा, संतकबीरनगर

**महिलाओं के संगठित होने से महिला विरोधी शक्तियां होंगी धराशायी**

**अमृत विचार।** महिलाएं संगठित होकर उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। महिलाओं के संगठित न रहने से ही उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। महिलाओं को संगठित रहने से महिला विरोधी शक्तियां कमजोर होंगी।

उक्त बातें रविवार को इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में भारतीय महिला महासभा की बैठक को संबोधित करती हुई संगठन की प्रदेश अध्यक्ष शीला यादव ने कही। उन्होंने कहा कि आज सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न की जड़ कच्ची शराब का अवैध कारोबार है। क्योंकि कच्ची शराब पीने से तमाम लोग मौत के गाल में समा गए हैं। तमाम परिवारों में कलह की वजह कच्ची शराब है। इसके खिलाफ महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि कच्ची शराब का उत्पादन पूर्ण रूप से बंद होने तक संगठन आर पार की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं को संगठित करने के लिए गांव-गांव चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक करेंगे और महिला उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0– 0879001 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0– 0457232 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 9044510744 पर सम्पर्क करे। **मो इमरान अंसारी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र मुन्डेवर अली निवासी– 11/31 गिरधारी लाल का हाता, शूटरगंज कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित हो मैं **सरला पत्नी लल्ली, निवासिनी 312, तरहिया, तहसील– बख्शी का तालाब, लखनऊ,** मेरे मतदाता पहचान पत्र संख्या FPP5879929 पर मेरा नाम सरला अंकित है, जो सत्य व सही है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 7544 8709 0243 में मेरा नाम त्रुटिवश राम दुलारी अंकित हो गया है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राम दुलारी के स्थान पर सरला अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **संतोष कुमार प्रसाद पुत्र श्री गंगा विष्णु प्रसाद, वर्तमान पता– 561/541, न्यू सिंधु मानस नगर, कृष्णा नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी पुत्री का बैंक पास बुक व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर अंकित है, जो कि सत्य है। जबकि उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश कुमारी संध्या अंकित हो गया है। जिसे संशोधित कर शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर (SANDHYA THAKUR) अंकित किया जाय।

**NOTICE**

All common people are informed. The name of the applicant was Alok Mishara, now according to the records it has become Alok Kumar Mishra, hence now in future the applicant Should be known and known as Alok Kumar Mishra. Applicant-**Alok Kumar Mishra son of Anil Kumar Mishra Village Karanpur Post Babhnan Sugar Mill District Gonda**

# मुर्मू ने गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को सौंपी जिम्मेदारी



राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड बटालियन के साथ मौजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में तैनात सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के औपचारिक बदलाव समारोह में शामिल हुईं।

समारोह के दौरान, सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन ने औपचारिक आर्मी गार्ड बटालियन के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्होंने अब 5वीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को कार्यभार सौंप दिया।बता दें कि सेना की विभिन्न पैदल इकाइयां बारी-बारी से राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में काम करती हैं। आर्मी गार्ड बटालियन राष्ट्रपति भवन में औपचारिक गार्ड कर्तव्यों का पालन करने के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस परेड और बीटिंग द रिट्रीट समारोह में भी शामिल होती है। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की।

# आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है आईएमएफः जार्जीवा

**दुबई।** युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है।

दुबई में आयोजित वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट को संबोधित करते हुए आइएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने कहा कि संगठन एक रिसर्च पेपर प्रकाशित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि किस तरह ऊर्जा सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करके पश्चिम एशिया 336 अरब डालर की बचत कर सकता है। यह रकम इराक और लीबिया की संयुक्त अर्थव्यवस्था के बराबर है। ऐसा करने से आर्थिक बचत ही नहीं होगी बल्कि प्रदूषण से निपटने में मदद मिलेगी और देश सामाजिक सरोकारों पर और ज्यादा खर्च कर सकेंगे।

## कई राज्यों में सुरक्षा के लिए लागू की जा रही हाई सिक्योरिटी

# नंबर प्लेट, हो रही अनिवार्य

*देश के कई राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य हो रही है। इस प्लेट के कई फायदे हैं। कई लोग अभी भी इनको कार पर लगाने में संकोच करते हैं। जबकि यह सुरक्षा की दृष्टि से लागू की जा रही है। जानते हैं इस प्लेट के बारे में...*

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

इन प्लेट्स को एल्युमिनियम से बनाया जाता है। जिनपर एक होलोग्राम लगा होता है जो क्रोमियम आधारित होता है। होलोग्राम के अंदर वाहन की पूरी जानकारी होती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सुरक्षा के लिए यूनिक लेजर कोड भी प्रिंट होता है। हर वाहन के लिए अलग कोड दिया जाता है। इसे आसानी से हटाया नहीं जा सकता। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो ऐसे में कार में लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के मालिक सहित सभी जानकारी मिल जाती है। इससे कार सवार घायलों के परिजनों तक जानकारी भेजी जा सकती है।





**क्या है खासियत**- सबसे बड़ी खासियत होती है कि अगर ये एक बार टूट जाए तो फिर इसे जोड़ा नहीं जा सकता। कोई भी इसे कॉपी कर नकली प्लेट नहीं बना सकता। इसी कारण वाहन की सुरक्षा बढ़ जाती है। प्लेट के चोरी होने या दूसरे वाहन में दुरुपयोग होने की आशंका कम होती है।

**अनिवार्य है प्लेट लगाना**- सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर विभिन्न राज्यों में 1000 से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना है। इस लगवाने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कैसे बनवाएं**

- सरकार द्वारा अधिकृत पंजीकरण पोर्टल Bookmyhsrp.com पर जाएं
- सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, संपर्क सूत्र,ऑप्शन आदि भरें।
- यदि वाहन निजी उपयोग के लिए है, तो स्क्रीन पर प्रदर्शित वाहन श्रेणी विकल्प के तहत 'non-transport' पर क्लिक करें।
- इस फॉर्म को सबमिट करें आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- भुगतान करने के लिए दिए गए यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। इसके साथ ही आपको एक रसीद भी मिल जाएगी
- जैसे ही आपके वाहन का एचएसआरपी नंबर तैयार हो जाएगा, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना प्राप्त होगी।
- इस प्रक्रिया के कुछ समय बाद नंबर प्लेट आ जाएगा और आप इसे अपने वाहन में लगवा सकेंगे।

## एक नजर

### मेघालयः वैद्यनाथन ने हाई कोर्ट के मुख्य जज के रूप में ली शपथ

**शिलांग।** न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने रविवार को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति वैद्यनाथन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी का स्थान लेंगे। बनर्जी पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वैद्यनाथन अक्टूबर 2013 से मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहें है।

### मुझसे गलती हो गई...कहकर हंगरी के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा



**बुडापेस्ट।** हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटलिन नोवाक ने शनिवार को इस्तीफे का एलान किया। दरअसल, उन्होंने एक ऐसे शख्स को माफ कर दिया, जिसने 2022 में अपने बॉस द्वारा नाबालिगों के यौन शोषण की बात छिपाई थी। इसके बाद पूर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कैटलिन नोवाक को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। नोवाक ने शनिवार को कहा, "राज्य के प्रमुख के रूप में, मैं आज आखिरी बार आपको संबोधित कर रही हूं। मैं राष्ट्रपति के कार्यालय से इस्तीफा दे रही हूं। जिन पीड़ितों को लगा होगा कि मैं उनके लिए खड़ी नहीं हो रही हूं। मैं बच्चों और परिवारों के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।

### अमेरिकाः हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नाइजीरिया बैंक के सीईओ की मौत

**कैलिफोर्निया।** दक्षिण कैलिफोर्निया के मोहावी मरुस्थल में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंकों में से एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर शुक्रवार रात 10 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ और सवार छह लोगों में एक्सेस बैंक के सीईओ हर्बर्ट विग्वे भी शामिल थे। नाइजीरिया के पूर्व वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने इन मौत की पुष्टि की है। इवेला अब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक हैं।

### ब्रिटेन में भारतवंशी युवक ने पत्नी की हत्या का जुर्म कबूला


**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक आवास पर पिछले साल अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। महक शर्मा (19) की 29 अक्टूबर की शाम हत्या करने के संदेह में साहिल शर्मा (24) को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया था। शर्मा को किंगस्टन क्राउन कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया, जहां उसने महक की हत्या का जुर्म कबूला। अदालत अब इस मामले में 26 अप्रैल को सजा सुनाएगी। जांच निरीक्षक ने बताया, साहिल शर्मा के कृत्य ने एक परिवार को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तानः गौहर ने कहा- पीटीआई को सरकार बनाने का न्योता देंगे राष्ट्रपति

# नवाज की रणनीति को सेना का समर्थन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान को त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ा है। इस बीच राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब यह स्पष्ट हो गया कि आम चुनाव के बाद देश में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में आम चुनाव गुरुवार को हुए थे, लेकिन नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण माहौल खराब हो गया। कई पार्टियों ने तो हंगामा कर दिया और कुछ ने विरोध प्रदर्शन भी किया।



बता दें, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नवाज शरीफ के गठबंधन सरकार बनाने के आग्रह का समर्थन किया। वहीं, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक-काकड़ ने भी गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद जताई है। दूसरी तरफ पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण देंगे, क्योंकि उन्होंने नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लिया है। नवाज ने को अपने प्रतिद्वंद्वियों से गठबंधन सरकार बनाने की अपील की थी। सेना के समर्थन के बाद माना जा रहा है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी (पीएम-एल-एन) गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब हो जाएगी।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीटें मिलीं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटी पार्टियों ने जीत हासिल की।



### चुनाव के नतीजों को चुनौती वाली कई याचिकाएं दायर

पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं, इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। तीन याचिकाएं सिंध हाई कोर्ट में दायर की हैं। निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की।

### राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकर्ताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए। सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

# ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें रजिस्ट्री विभागः शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की। अब 8 फरवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उक्त बात कही।

# हूती हमलों के बीच क्षेत्र में बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

दुबई, एजेंसी

**2** महीने में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के 17 हमले रोके



पिछले दो माह से भारत और भारतीय नौसेना लाल सागर और अरब सागर सहित इस पूरे समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना ने दिसंबर से लेकर अब तक 17 जहाजों को समुद्री लुटेरों से से बचाया है। पिछले कुछ सप्ताह भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे में 2 जहाजों को सोमालियाई लुटेरों से बचाया। भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास बुरी चीजें होती रहें, तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि इससे हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।

22 नवंबर 2023 को हूती विद्रोहियों ने कार्गोशिप गैलेक्सी लीडर को निशाना बनाया था। हूतियों ने वजह बताई- गाजा में इजराइली हमले। हूतियों के हमले बढ़ने के साथ दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग स्वेज-लाल सागर मार्ग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अमेरिकी टास्क फोर्स में रहने की बजाय भारत ने अलग मोर्चा संभाला लाल सागर में होने वाले हूती हमले के बीच अमेरिकी नेतृत्व वाले 20 देशों के टास्क फोर्स ने ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन' शुरू किया।

### अल-शबाब ने ली मोगादिशू में हमले की जिम्मेदारी

**दुबई।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशू स्थित सैन्य अड्डे पर शनिवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली है। हमले में सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे तीन अमीराती सैनिकों व बहरीन के अधिकारी की मौत हो गई थी। हालांकि, रविवार को मरने वाले सैनिकों की संख्या पुष्टि नहीं हो सकी थी। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने सैनिकों की मौत पर यूएई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की थी।

## शेषनाग झील जमी...





**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर, शिमला समेत दूसरे शहरों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। यह तस्वीर अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित शेषनाग झील की है। वहां बर्फबारी के चलते वादियां बर्फ से ढकी हैं। पारा माइनस 18 डिग्री सेल्यियस चल रहा है। इस कारण शेषनाग झील जम चुकी है। झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है। समुद्र तल से 11,870 फीट ऊंचाई पर मौजूद ये झील ये पहलगाम से 10 किमी दूर है। ● एजेंसी

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बिहार के वोट पाने की सियासतः उद्धव

मुंबई, एजेंसी



▶▶ शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सर्वोच्च सम्मान को लेकर कसा तंज

नरेंद्र मोदी सरकार ने आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्वी राज्य से वोट पाने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारत रत्न को लेकर सरकार पर तंज कसा।

मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक भाषण के दौरान, ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनसंघ (जो कि भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था) ने पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। ठाकरे ने कहा, लेकिन अब भाजपा बिहार में लोकसभा चुनाव में वोट चाहती है, इसलिए उनके लिए मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा की। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद स्वीकार किया जा रहा है। ठाकरे ने आगे कहा, भाजपा ने भारत रत्न के लिए डॉ. एस स्वामीनाथन के नाम की घोषणा की, लेकिन कृषि आय बढ़ाने पर उनकी अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई सिफारिश को लागू करने में विफल रही है। ठाकरे ने दावा किया, लोग इस खोखलेपन को समझ सकते हैं।

केंद्र सरकार ने इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की। इन पांच नामों में से वे हैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, डॉ एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के दिग्गज लालकृष्ण आडवाणी।

# ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई का फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट बैन, उल्लंघन का आरोप

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। मेटा प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इन एप्स के गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया जा रहा था।



बता दें कि ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई कई सोशल मीडिया के जरिए भी इजराइल और अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दे चुके हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई ने गाजा पर इजरायल की बमबारी के साथ-साथ यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में शिपिंग पर हमलों के खिलाफ फिलिस्तीनी जवाबी कार्रवाई का भी सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। 35 साल से ईरान की सत्ता पर काबिज खामेनेई के इंस्टाग्राम पर 50 लाख फॉलोअर्स हैं। बताते चलें कि हमास को अमेरिका द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया गया है। ईरान में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रतिबंध है, लेकिन ईरानी प्रतिबंधों से बचने के लिए यूजर्स फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन से जरिए इस्तेमाल करते हैं।

# यूपीआई सेवाएं श्रीलंका और मॉरीशस में आज से होंगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ पीएम मोदी विक्रम सिंघे मॉरिशस के पीएम जगन्नाथ वर्चुअली होंगे शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी इस दौरान दोनों देशों में यूपीआई के साथ-साथ रुपे कार्ड सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 12 फरवरी यानी आज दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। मालूम हो कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को देखते हुए इसे लॉन्च किया जा रहा है। भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी।


विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए यूपीआई निपटान सेवाओं की उपलब्धता को सक्षम करेगा।

**चिंताजनक** जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने शोध में दी नई जानकारी, एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना

# युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल

वाशिंगटन, एजेंसी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लगातार हर क्षेत्र में दबदबा बढ़ता जा रहा है। युद्ध में भी इसके इस्तेमाल को लेकर लगातार प्रयोग हो रहे है। विशेषज्ञ लगातार इसके खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं लेकिन कुछ देशों ने ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एक हालिया शोध में पता चला है कि एआई ने युद्धविराम की जगह हर बार हिंसा और परमाणु युद्ध का सुझाव दिया है। दरअसल, जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी और हूवर वॉरगेमिंग एंड क्राइसिस इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने पांच सबसे बड़े एआई मॉडल के लिए सिम्युलेटेड परीक्षण बनाए। इसमें एआई मॉडल को युद्ध की एक खास परिस्थिति में निर्णय लेने को कहा गया। पांचों एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना।





वहीं, एआई ने कई बार बिना किसी चेतावनी के परमाणु हथियार तैनात कर दिए। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में लार्ज लैंग्वेज मॉडल के जीपीटी-4, जीपीटी 3.5, क्लाउड 2.0, लामा 2-चैट और जीपीटी-4-बेस का इस्तेमाल किया।

शोध में शामिल जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार लॉन्च करने पर कहा, 'कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं। कुछ कहते हैं कि इसे खत्म करना चाहिए, जबकि कुछ ऐसा करने का दिखावा करते हैं। हमारे पास परमाणु हथियार होने की वजह से हमें इसका उपयोग करना चाहिए। वहीं, एआई ने एक-दूसरे के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### युद्ध में सबसे आक्रामक है जीपीटी 3.5

अपने तरह की यूनिक और पहली स्टडी में एआई का जीपीटी-3 .5 मॉडल सबसे आक्रामक निकला। वहीं, जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का तर्क देते हुए कहा, मैं सिर्फ दुनिया में शांति चाहता हूं, और इसके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। इसने युद्ध बढ़ाने की भी बात कही।

# बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य पर उठे सवाल, बचाव में उतरीं जिल

वाशिंगटन, एजेंसी

स्पेशल काउंसल की रिपोर्ट में जो बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर उठाए गए सवालों का अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने बचाव किया है। साथ ही रिपोर्ट में उनके बेटे की मौत के जिक्र को राजनीतिक मकसद से शामिल करने का आरोप लगाया है।



जिल ने शनिवार को अपने समर्थकों को एक सामूहिक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मैं जो लिख रही हूं उसका कारण रिपोर्ट में बाइडन के बारे में गलत और व्यक्तिगत राजनीतिक हमले किए गए हैं। केवल यह कहने के बजाय कि मामला बंद कर दिया गया था, जैसा कि उन्होंने दूसरों के लिए किया है। स्पेशल काउंसल ने दावा किया कि जो बाइडन उस वर्ष को याद नहीं कर सके, जब उनके बेटे की मृत्यु हुई थी। जिल ने कहा कि मेरा विश्वास करें, किसी भी ऐसे व्यक्ति की तरह जिसने अपना बच्चा खो दिया है, ब्यू और उसकी मृत्यु कभी अकेला नहीं छोड़ती।

### ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक

अमेरिका में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रमुख उम्मीदवारों पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। दरअसल, ट्रंप ने निक्की हेली के पति का मजाक उड़ाया और चुनाव प्रचार में उनकी गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। इस पर निक्की हेली काफी बौखला गई और इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।